# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन


RNI Reg.No. - CHHHIN / 2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 114 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

www.cgfrontline.com

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अंबिकापुर में, सभास्थल सजकर तैयार

## पुलिस ने अलसुबह 03 बजे से दोपहर 03 बजे तक के लिए जारी की एडवाइजरी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार का बुधवार, 24 अप्रैल को अंबिकापुर आगमन होगा, वे पीजी कॉलेज मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के शहर आगमन दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए वृहद तैयारियां की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों और जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप दे दिया गया है। यहां की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप देने के बाद विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाले अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल के कोने-कोने का जायजा लिया है। स्निफर डॉग टीम व बम स्क्वाड ने आसपास के पूरे इलाके को खंगाला है।

बता दें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अंबिकापुर में तीसरी बार आगमन हो रहा है। पहली बार वे सात सितंबर 2013 में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की विकास यात्रा के समापन अवसर पर अंबिकापुर आए थे, उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रचार प्रभारी थे। इस दौरान बनाया गया प्रतीकात्मक लाल किला आज भी लोगों के जेहन में बसा हुआ है, जिससे नरेन्द्र मोदी ने अपार जनसमूह को संबोधित किया था। इसके कुछ दिनों बाद भाजपा ने उन्हें प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बाद वर्ष 2018-19 में भी वे अंबिकापुर आए थे और पीजी कॉलेज ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया था। अंबिकापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली सभा को देखते हुए नगर वासी उत्साहित हैं। सभा में मंच पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े सहित संभाग के सभी विधायक उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन दौरान किसी प्रकार के व्यवधान की स्थिति न बने, इसे लेकर सरगुजा पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। कार्यक्रम स्थल, आमसभा एवं हेलीपैड के आसपास प्रतिबंधित वस्तुओं को लेकर आने की सख्त मनाही है। यातायात संबंधी किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए अंबिकापुर शहर एवं अंबिकापुर से होकर आने-जाने वाली वाहनों के लिए प्रातः 03 बजे से दोपहर 03 बजे तक के लिए एडवाइजरी जारी किया गया है। सरगुजा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसी कोई भी आपत्तिजनक वस्तु लेकर कार्यक्रम, आमसभा स्थल एवं हेलीपैड के आसपास ना जाएं, जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना उन्हें करना पड़े।



### पानी बोतल, रिमोट वाली चाबी भी प्रतिबंधित

* गुटखा तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थ
* माचिस लाइटर एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ
* रिमोट वाली चाबी
* हैवी लॉकेट
* लिपस्टिक
* काला कपड़ा
* पानी बोतल, पानी पाउच
* किसी भी प्रकार का अस्त्र शस्त्र
* सिक्का




### प्रवेश द्वार क्रमांक-01 व 02 से इनकी एंट्री

माता राजमोहनी देवी भवन के सामने मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित प्रवेश द्वार क्रमांक-1 से आमसभा, कार्यक्रम में शामिल होने आए आम नागरिकों का सभास्थल में प्रवेश होगा। उक्त प्रवेश द्वार का उपयोग कर आम नागरिक कार्यक्रम स्थल में प्रवेश एवं निकासी कर सकते हैं। आमसभा कार्यक्रम में शामिल होने आए वीआईपी, आम नागरिक एवं मीडिया संस्थान के सदस्यों हेतु सभास्थल में प्रवेश हेतु इंडस्ट्रियल एरिया रोड स्थित प्रवेश द्वार तय किया गया है। वीआईपी, आम नागरिक एवं मीडिया संस्थान के सदस्य उक्त प्रवेश द्वार का उपयोग कर सभास्थल में प्रवेश एवं निकासी कर सकते हैं।

### इन मार्गों से होगा आवागमन

* मनेन्द्रगढ़ रोड़, बनारस रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग सांई मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेसीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर मोड़, कन्या परिसर रोड़ होते हुये गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड़, बस स्टैण्ड होते हुये अपने-अपने गंतव्य स्थान की ओर जाएंगे।
* गढ़वा रोड़, प्रतापपुर रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड का प्रयोग करते हुए प्रतापपुर चौक, लरंगसाय चौक, चांदनी चौक, सद्भावना चौक, भारतमाता चौक, बस स्टैंड की ओर से होते गंतव्य की ओर जाएंगें।
* रायगढ़ रोड़, बिलासपुर रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड का प्रयोग करते हुए भारतमाता चौक, लरंगसाय चौक, बिलासपुर चौक, बस स्टैंड, गंगापुर मोड़ की ओर से होते गंतव्य की ओर रवाना होंगे।
* आपातकालीन सेवा संबंधी वाहन को अंबिकापुर शहर आने एवं बाहर जाने के लिए छूट है।

### चिकित्सा व्यवस्था के लिए 13 चिकित्सक 32 कर्मचारियों की ड्यूटी

■ **मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय मुख्य सेंटर, होलीक्रास अस्पताल में कंटीजेन्सी व्यवस्था**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, राजमाता श्रीमति देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अंबिकापुर द्वारा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था अंतर्गत छह दलों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 13 चिकित्सक सहित 32 कर्मचारी शामिल हैं। यह दल मय एंबुलेंस चिकित्सालय के विशेष कक्ष के अलावा, मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा, अंबिकापुर के अलावा हेलीपैड स्थल स्टेडियम ग्राउंड, आमसभा के प्रथम छोर पर, आमसभा के द्वितीय छोर पर मौजूद रहेंगे।

मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि हेलीपैड स्टेडियम ग्राउंड में एक एएलएस दल की उपस्थित रहेगी, इसमें भेषज विभाग, निश्चेतना विभाग, सर्जरी विभाग, अस्थि रोग विभाग के चिकित्सकों के अलावा लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स/ईसीजी, वेन्टीलेटर टेक्नीशियन सहित अन्य स्टाफ एम्बुलेंस के साथ मौजूद रहेंगे।



प्रधानमंत्री के आगमन दौरान चिकित्सा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय को मुख्य सेंटर बनाया गया है, यहां मेडिकल व सर्जिकल आइसीयू के दो-दो बेड, एक मेजर ओटी को आवश्यक उपकरणों के साथ रिजर्व रखा गया है। कंटीजेन्सी व्यवस्था के तहत ज्यादा जरूरत पड़ने की स्थिति में होलीक्रॉस अस्पताल के ओटी, आइसीयू को रिजर्व रखा गया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री के विशेष सुरक्षा के लिए पहुंची एसपीजी की टीम ने अस्पताल के ओटी, आइसीयू कक्ष के कोने-कोने का जायजा लिया। चिकित्सकों व स्टाफ की टीम प्रधानमंत्री के शहर आगमन के पूर्व से टेकअप करने के एक घंटे बाद तक अपनी उपस्थिति टेकअप स्थल पर ही सुनिश्चित करेंगे, इसके बाद ही इनकी वापसी होगी। चिकित्सा दल क्रमांक-1 में डॉ. चंदन केशरी, वार्ड ब्वाय मनोज कुमार, एम्बुलेंस चालक अजहर उद्दीन, दल क्रमांक-2 में डॉ. सूरज सिंह, वार्ड ब्वाय राजेश सोनी, एम्बुलेंस चालक अशोक कुमार, दल क्रमांक-3 में डॉ. मनीष तिवारी, वार्ड ब्वाय तुलेश्वर, एम्बुलेंस चालक रामचरण राम, दल क्रमांक-4 में डॉ. रामसुन्दर, वार्ड ब्वाय श्रीराम, एम्बुलेंस चालक विवेक कुमार पाण्डेय की ड्यूटी लगाई गई है।

### हेलीपैड व अस्पताल के विशेष कक्ष में इनकी ड्यूटी

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध अस्पताल के विशेष कक्ष में डॉ. लखन सिंह भेषज विभाग, डॉ. आशा बंसल निश्चेतना विभाग, डॉ. पीआर शिवहरे सर्जरी विभाग, डॉ. अरूणेश सिंह अस्थि रोग विभाग, डॉ. बीआर सिंह नाक, काल व गला विभाग, स्वस्ति शुक्ला अस्पताल सलाहकार, द्रुपति राज सहायक नर्सिंग अधीक्षिका, मनोज धुर्वे व नवरंगलाल फार्मासिस्ट ग्रेड-2, प्रवीण कुमार राजवाड़े वार्ड ब्वाय, बसंत गुप्ता एंबुलेंस चालक की ड्यूटी लगाई गई है। हेलीपैड स्थल स्टेडियम ग्राउंड के लिए गठित एएलएस चिकित्सा दल में डॉ. अशोक टोप्पो भेषज विभाग, डॉ. पार्थ सारथी निश्चेतना विभाग, डॉ. अभिजीत दीवान सर्जरी विभाग, डॉ. हेमन्त भगत अस्थि रोग विभाग, लाल बहादुर लैब टेक्नीशियन, प्रिया परीडा स्टाफ नर्स/ईसीजी, अजय दास महंत वेन्टीलेटर टेक्नीशियन, अनिल कुमार वार्ड ब्वाय, ईब्राहिम अंसारी एम्बुलेंस चालक की ड्यूटी लगाई गई है।

# पत्नी के मौत की खबर मिलने के बाद पति भी किया खुदकुशी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शराबी पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी, बेहोशी की हालत में पहुंचने पर उसे घर में ही छोड़कर भाग गया। बेहोश बहन को उसका भाई क्षेत्रीय पुलिस चौकी लेकर पहुंचा। उसकी स्थिति खराब देखकर पुलिस ने तत्काल बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर पति भी घर के समीप पेड में फासी लगाकर खुदकुशी कर लिया।



जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के झिलमिली, भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम कोमो की सविता घसिया 25 वर्ष का विवाह बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झूमरपारा निवासी बाबी से हुआ था। विवाह के बाद से ही आरोपी पति अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते आ रहा था। इसकी जानकारी वह अपने भाई भोलाराम को घटना दिवस ही दी थी। शाम को जब भोलाराम अपनी बहन के ससुराल पहुंचा तो वह बेहोश पड़ी थी, उसका पति घर से मारपीट करने के बाद भाग गया था। बहन की स्थिति देख वह उसे तत्काल करंजी पुलिस चौकी बेहोशी की हालत में ले गया। पुलिस उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में भर्ती कराई थी। महिला की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया। स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह वह दम तोड़ दी। इसकी जानकारी मृतिका के पति को मिली और वह भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

# छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने सभी जिला कलेक्टरों की ली बैठक


### मतदान दिवस पर बूथ में वोट देने आए लोगों की मदद करेंगे एनएसएस के वॉलंटियर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने मंगलवार को आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर दूसरे और तीसरे चरण के मतदान वाले जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों में वोटर टर्नआउट बढ़ाने हेतु जारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के आवश्यक मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल, शौचालय, रैम्प, छायादार शेड आदि सुनिश्चित कर लें। मतदान दिवस पर सभी मतदान केन्द्रों में बेहतर व्यवस्था रखें, जिससे लोगों का अनुभव अच्छा हो। बीएलओ के माध्यम से वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की मॉनिटरिंग जिला निर्वाचन अधिकारी अपने एआरओ, ईआरओ वार करें। बैठक में उन्होंने आदर्श मतदान केंद्रों में भी समुचित व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही अन्य बिदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



श्रीमती कंगाले सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान सरगुजा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2019 में जिले में मतदान प्रतिशत 71.49 था, मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अब तक की गई तैयारियों एवं प्रस्तावित कार्ययोजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सहायता के लिए एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाई जाएगी। जो मतदान केंद्र में आने वाले मतदाताओं की मदद करेंगे। जिले में जारी उत्कर्ष कक्षाओं में भी विद्यार्थियों को मतदान की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे अपने स्वनों को जागरूक कर सकें। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थलों में मतदान दिवस की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। घर आ जा संगी कार्यक्रम के तहत पलायन कर चुके श्रमिकों से भी संपर्क कर वोट देने अपने गांव आने की अपील की जा रही है। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया जिले में प्राथमिकता के साथ विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं का शत-प्रतिशत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन पूर्ण कराया गया है। कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित वीसी में जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 56 वर्ष पुराना पुल धंस रहा, अनदेखी पड़ सकती है भारी



**लखनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में ग्राम जूनाडीह के समीप चुल्हट नदी में बना पुराना पुल एक किनारे से धंस गया है। इस ओर जिम्मेदारों की नजर नहीं गई है, जिससे कभी भी भयानक हादसा हो सकता है। वर्ष 1972-73 में तकरीबन 56 वर्ष पहले इस पुल को बनाया गया था। यह पुल काफी जर्जर हो चुका है। लखनपुर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग की ठेका कंपनी ने इस पुराने पुल को अपने हाल पर छोड़ दिया है। आलम यह है कि पुल अपने आप धसकते जा रहा है। यदि क्षतिग्रस्त पुल पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। आसपास के रहवासियों ने शासन-प्रशासन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग ठेका कंपनी का ध्यानाकर्षण इस ओर कराया है, ताकि समय रहते पुल का सुधार कार्य कराया जा सके।

**जमीन बेचना है**

मेडिकल कॉलेज के समीप
15 डिसमिल जमीन बेचना है
बंगला व अस्पताल निर्माण के
लिए आदर्श स्थान
इच्छुक सज्जन संपर्क करें।

मो.नं. 7566950555

# डाक मतपत्र से मतदान करने बनाए गए सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेंटर



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लोकसभा समान्य निर्वाचन 2024 हेतु सरगुजा निर्वाचन क्षेत्र से सरगुजा जिला अंतर्गत डाक मतपत्र, पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदाताओं में मतदान कर्मी, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, वाहन चालक, कंडक्टर, हेल्पर, वीडियोग्राफर आदि के लिए डाक मतपत्र हेतु सुविधा केन्द्र तथा अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। पुलिस लाइन अंबिकापुर में स्थापित किए गए सुविधा केंद्र में 30 अप्रैल को सुबह 10.30 से सायं 5.30 बजे तक पुलिस, नगर सेना, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मतदान करेंगें। कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित किए गए सुविधा केंद्र में 02 मई से 06 मई तक सुबह 10.30 से 05 बजे तक मतदान कर्मी, अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो सरगुजा जिले के पंजीकृत मतदाता हैं, वाहन चालक, कंडक्टर, हेल्पर, वीडियोग्राफर वोट करेंगे। इसी प्रकार कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित किए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाता 29 अप्रैल से 01 मई तक सुबह 090 से 05 बजे तक मतदान करेंगे।

***इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी करने प्रक्रिया पूर्ण***

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत के सशस्त्र बलों, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीमा सड़क संगठन में जीआरईअफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत के बाहर भारत सरकार के अधीन कार्यरत, किसी राज्य के सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य और उस राज्य के बाहर सेवारत मतदाताओं को सेवा मतदाताओं की श्रेणी में रखा गया है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 01 सरगुजा के कुल 1533 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट प्रेषित किए जाने की प्रक्रिया मंगलवार को पूर्ण हुई।

# धरती का तापमान एक दिन हर लेगा मानव, पशु-पक्षी का प्राण

### सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में पृथ्वी अवतरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर में 22 अप्रैल, सोमवार को पृथ्वी अवतरण दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी रानी रजक के नेतृव में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों ने निबंध, कविता, पोस्टर, हास्यप्रद प्रश्न, स्लोगन के माध्यम से पृथ्वी अवतरण दिवस को मनाया। डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने कहा कि आज पूरी धरती की जलवायु में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है, जो मानव द्वारा दूषित वातावरण के कारण है। हम नई-नई तकनीकी को तो ला रहे हैं पर मशीनरी की वजह से वातावरण में पड़ते प्रभाव को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए हम सभी को पौधे लगाना चाहिए। ऐसे पौधे का चुनाव करना चाहिए जो हमें शुद्ध वायु और फल भी दे। यदि हम पौधे नहीं लगाते हैं तो वो दिन दूर नहीं जब हमें ऑक्सीजन भी नहीं मिल पाएगा, धरती का तापमान इतना अधिक हो जाएगा कि हम सब मानव, पशु, पक्षी इस धरती पर जीवित नहीं रह पाएंगे। इसके साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक उर्मिला यादव, प्रियलता जयसवाल, मिथलेश कुमार गुर्जर, स्वाति शर्मा, अर्चना सोनवानी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों रिया तिवारी एवं तुषार प्रधान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी रानी रजक के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में कई जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ 22 अप्रैल को ही नही अपितु हर दिन संकल्प के साथ एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी पूर्ण देखभाल करनी चाहिए।

# विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान : योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां
- बोले सीएम योगी, पूरे देश में गूंज रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार' का स्वर
- जनता की आकांक्षा के अनुरूप हुए हैं देश में विकास के कार्य : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है। विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान है। इस दिशा में अद्भुत कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों पर चर्चा करने पर पब्लिक का रिस्पॉन्स मिलता है। जिन मुद्दों पर पब्लिक का सबसे ज्यादा समर्थन मिला है वो है इन्फ्रास्ट्रक्चर। आज देश में हाईवे दोगुने हुए हैं। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे आज इनकी संख्या डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। कांग्रेस के समय केवल 1 एम्स बना था। अटल जी की सरकार के समय 6 नये एम्स की स्थापना हुई। मोदी जी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है। इसी प्रकार आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार और अयोध्या में 500 इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुनः विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है। काशी में पहले 50 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे। आज 50 हजार भी आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं। अयोध्या में 500 लोग आ जाते थे तो संकट खड़ा हो जाता था, आज 5 लाख भी आ जाएं तो परेशानी नहीं।

सीएम योगी ने कहा कि आस्था से जुड़े केंद्रों के बारे में हमें नया स्वरूप हमें देखने को मिला है। विरासत और विकास का ये अद्भुत समन्वय अगर किसी एक महापुरुष के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज देश में देखने को मिला है तो वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। जनता इन मुद्दों को पूरा समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद में बदलेगा। पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। आम जनता फिर से मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है।

# अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक आए 1.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु

**लाखों लोग रोज कर रहे दर्शन**

एजेंसी



अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इसके बाद से ही वहां लगातार भक्तों का तांता लगा हुआ है। रोज लाखों की संख्या में भक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे है। रामलला के दर्शन करने को भक्त बेहद आतुर है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय का कहना है कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से अब तक लगभग देश दुनिया के 1.5 करोड़ लोगों ने रामलला के दर्शन किए है। रोजाना एक लाख से अधिक लोग राम मंदिर में आ रहे है। आंकड़ों के अनुसार 1.5 करोड़ से अधिक लोग अब तक 22 जनवरी को हुई प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या आ चुके है। मंदिर में वर्तमान में सिर्फ ग्राउंड फ्लोर का काम पूरा हुआ है। ग्राउंड फ्लोर पर ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। वहीं पहले फ्लोर का निर्माण कार्य अभी जारी है। मंदिर के चारों तरफ 14 फीट चौड़ी सुरक्षा की दीवार बनाई गई है, जिसे परकोटा कहा गया है।

## 44 दरवाजे और 392 स्तंभ

प्रभु श्रीराम के लिए भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। मंदिर की लंबाई 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और 161 फीट ऊंचाई है। श्रीराम का मंदिर 44 दरवाजों और 392 स्तंभों द्वारा समर्थित हैं। वहीं मंदिर के स्तंभों और दीवारों पर देवी-देवताओं के जटिल चित्रों को उकेरा गया है। साथ ही मंदिर के भूतल पर मुख्य गर्भग्रह में रामलला को रखा गया है। राम मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में हैं। राम मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वारा तक सिंह द्वार से 32 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचा जाएगा। इसके साथ ही मंदिर में 5 मंडप हैं। जिनमें रंग मंडप, सभा मंडप, नृत्य मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप शामिल हैं। वहीं मंदिर के पास में ही एक कुआं बना है। यह कुआं ऐतिहासिक और प्राचीन काल का है। राम मंदिर के दक्षिणी-पश्चिमी भाग में स्थित कुबेर के टीले में भगवान शंकर के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है और पास में एक जटायू की मूर्ति स्थापित की गई है।

# अमित शाह ने नक्सलियों को दी चेतावनी

- आत्मसमर्पण करें नहीं तो जड़ से उखाड़ दिया जाएगा

एजेंसी



रायपुर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अप्रैल को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश से आतंकवाद को खत्म कर दिया है जबकि नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। छत्तीसगढ़ के कांकेर शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने के लिए भी कहा, अन्यथा उन्हें दो साल में राज्य से जड़ से उखाड़ दिया जाएगा।

शाह ने कहा कि 17 अप्रैल, 2024 को हम सबने अपने जीवन का अनुपम दृश्य देखा। 500 वर्षों से टेंट में बैठे रामलला ने अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाया, जहां उनका सूर्यतिलक किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी है। कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने देश में शासन किया, लेकिन कांग्रेन ने छत्तीसगढ़ के लिए क्या किया?

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया है। अब आगे के लिए मोदी जी की गारंटी है कि 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज दिया जाएगा। विपक्ष पर वार करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का जम्मू-कश्मीर से क्या लेना देना है। खड़गे जी, आपकी और राहुल बाबा की चाहे जो सोच हो... लेकिन कश्मीर के लिए छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा अपनी जान देने के लिए तैयार है।

# देश से बड़ा कुछ नही : प्रधानमंत्री मोदी

- विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को उत्तर प्रदेश के अलिगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोदन में मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है।

मोदी ने कहा कि अच्छे भविष्य, विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है। अब देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने, देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कराने का, देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आ गया है। इसके लिए जरूरी है - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि देश से बड़ा कुछ नहीं होता। देश का इतना महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, हमें सारे काम छोड़कर वोट करना चाहिए। सुबह-सुबह धूप निकलने से पहले, जलपान से पहले आपको मतदान करना चाहिए।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले आर्टिकल 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी शान से जीते थे और हमारे फौजियों पर पत्थर चलाते थे। अब इन सब पर फुल स्टॉप लग गया है। उन्होंने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती आदि तो सपा सरकार का ट्रेडमार्क ही था, यही उनकी पहचान थी और उनकी राजनीति भी इसी से चलती थी। लेकिन अब योगी जी की सरकार में अपराधियों की हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन-चैन बिगाड़ें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं। क्योंकि ऊपर के लोगों ने मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को उनके हालात पर जीने के लिए मजबूर कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 18.c |
| न्यूनतम तापमान | 12.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 5848/ g |
| चांदी | 75.50/ g |
| सेंसेक्स | 72,085.63 |
| निफ्टी | 21,853.80 |

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नेहा हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी




धारवाड़। कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू मृतक छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए अपने ही समुदाय के आरोपी फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया। हिरेमथ के परिवार के साथ एकजुटता दिखाने और इस नृशंस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने एक पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा हिरेमथ को न्याय दो। अंजुमन-ए-इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व मेंमुस्लिम छात्रों ने भी बैनर और तख्तियां लेकर शहर में एक मार्च निकाला, जिन पर लिखा था, एक मनुष्य की हत्या मानवता की हत्या के बराबर है और छात्राओं का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। चूंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी नेहा हत्याकांड के खिलाफ अपने राज्यव्यापी विरोध के तहत शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए इस दौरान आरक्षित पुलिस बलों की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की बृहस्पतिवार को बीवीबी कॉलेज परिसर में फैयाज खोंडुनाईक ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। फैयाज वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया था, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी था। इस घटना से लोगों में व्यापक आक्रोश फैल गया और ये आक्रोश विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान में बदल गया है।

सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इस मामले को व्यक्तिगत कारणों से हुई घटना के तौर पर पेश करने का प्रयास किया। भाजपा ने इसे लव जिहाद मामला करार दिया है और दावा किया है कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है।

# कन्नौज से अखिलेश नहीं लड़ेंगे चुनाव, तेज प्रताप को दिया गया टिकट

एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने 22 अप्रैल को उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की है। इसी के साथ यह तय हो गया कि कन्नौज लोसकभा सीट से अखिलेश यादव चुनाव मैदान में नहीं उतर रहे हैं, बल्कि तेज प्रताप यादव को टिकट दिया गया है। वहीं, बलिया सीट से सनातन पांडेय को चुनावी अखाड़े में उतारा गया है। सपा ने कन्नौज से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ परिवार के ही अन्य सदस्य को उम्मीदवार बनाया है। सपा ने तेज प्रताप यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। सपा ने अपने दो और उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इस बार फिर यादव परिवार के एक और सदस्य को उम्मीदवार बनाया गया है। तेज प्रताप यादव, अखिलेश यादव के भतीजे और लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। तेज प्रताप को अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। वहीं बीजेपी ने इस सीट पर वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।

# 29 अप्रैल को राजनाथ सिंह लखनऊ में तो स्मृति अमेठी में करेंगी नामांकन

एजेंसी

लखनऊ। कभी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की संसदीय सीट का गौरव हासिल करने वाली लखनऊ लोकसभा सीट का इस समय देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एक बार फिर से लखनऊ से जीत कर लोकसभा जाने की इच्छा पाले राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। राजनाथ नामांकन करने के लिए रथ पर सवार होकर कलेक्ट्रेट जाएंगे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि राजनाथ सिंह नामांकन के सिलसिले में मंत्री, महापौर, विधायक, पार्टी पदाधिकारी-कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश मुख्यालय हजरतगंज पर सुबह 10 बजे तक एकत्र होंगे। इसके बाद राजनाथ सिंह भव्य पार्टी रथ पर सवार होकर विशाल जनसमूह के साथ कलेक्ट्रेट की ओर प्रस्थान करेंगे। वह वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति में नामांकन करेंगे। इस सिलसिले में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को बैठक के जरिए संदेश दिया गया, जिससे राजनाथ सिंह का नामांकन जुलूस यादगार बन सके।

# कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को लगा एक और झटका

## वीडियो कॉल पर डॉक्टर से परामर्श की नहीं मिली इजाजत

एजेंसी



नई दिल्ली, दिल्ली राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी की उपस्थिति में अपने डॉक्टर के साथ रोजाना 15 मिनट के चिकित्सीय परामर्श की अनुमति देने की मांग की थी। अदालत ने आगे निर्देश दिया कि अपेक्षित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाना चाहिए और किसी विशेष परामर्श की आवश्यकता के मामले में जेल अधिकारी एम्स निदेशक द्वारा गठित एक मेडिकल बोर्ड को नियुक्त करेंगे जिसमें एक एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और एक मधुमेह विशेषज्ञ शामिल होंगे।

अदालत का आदेश आप के इन आरोपों के बीच आया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को तिहाड़ जेल में उचित इलाज नहीं मिल रहा है, जहां वह 18 मार्च से बंद हो चुकी शराब नीति मामले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बंद हैं। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आदेश पारित करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को अपेक्षित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया है कि एम्स मेडिकल बोर्ड में वरिष्ठ एंडोक्रिनोलॉजिस्ट और मधुमेह विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# देश को नीतिगत निष्क्रियता की नहीं, अर्थव्यवस्था पर ठोस कदम उठाने की जरूरत: निर्मला सीतारमण

एजेंसी

बेंगलुरू। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को पिछली संप्रग सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि देश को राजनीतिक स्थिरता, स्पष्ट दृष्टिकोण और अर्थव्यवस्था पर गहन कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसा न होने पर देश के सामने पांच साल तक लालफीताशाही, भ्रष्टाचार और नीतिगत निष्क्रियता का जोखिम है। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि विकास अपने आप या बिना प्रयास के नहीं होता है।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान - बेंगलुरू इकाई के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, 2013-14 में हमें जो विरासत में मिला था और 2024 में हम आज जहां पहुंच हैं, उसके बीच एक बड़ा बदलाव हुआ है। विकास अपने आप नहीं होता... विकास के लिए प्रयास करना होता है।



उन्होंने कहा कि जब 2004 में वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता से बाहर हुई थी, तब अर्थव्यवस्था ने 2003-2004 में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की थी। उस समय औसत मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम थी। सकल एनपीए (गैर निष्पादित परिसंपत्तियां) पांच साल पहले की तुलना में आधे हो गए थे। सीतारमण ने कहा कि वाजपेयी सरकार में पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचे के व्यय पर ध्यान दिया गया। देश में सभी ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कें बनाई गईं, और विदेशी मुद्रा भंडार अच्छी स्थिति में था।

उन्होंने दावा किया, प्रधानमंत्री मोदी को 2014 में जो विरासत में मिला था, उस पर गौर करें तो लगातार दो साल 2012-13 और 2013-14 में जीडीपी वृद्धि पांच प्रतिशत से कम रही थी। वर्ष 2009 से 2014 तक भारत में मुद्रास्फीति औसतन दोहरे अंकों में रही थी और कॉरपोरेट निवेश में गिरावट आई थी। इंस्पेक्टर राज, लालफीताशाही और कर आतंकवाद ने अर्थव्यवस्था को नाजुक स्थिति में ला दिया था। सीतारमण ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान नीतिगत निष्क्रियता के कारण निवेश और बुनियादी ढांचे में भारी गिरावट आई। कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में पूंजीगत व्यय 2003-2004 में 31 प्रतिशत से गिरकर 2013-14 में 16 प्रतिशत रह गया। इस दौरान राजमार्ग बनाने की गति एक तिहाई तक घट गई।

वित्त मंत्री ने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता संभाली थी, तब बैंकों के अंधाधुंध ऋण देने के कारण एनपीए का बहुत बड़ा संकट पैदा हो गया था। इसका असर सिर्फ बैंकों पर ही नहीं पड़ा, बल्कि कंपनियों के बही-खाते भी गंभीर संकट में थे। पिछली संप्रग सरकार पर निशाना साधते हुए सीतारमण ने आरोप लगाया कि व्यापक भ्रष्टाचार और घोटालों ने सरकारी खजाने को खोखला कर दिया था। राजकोषीय और राजस्व घाटा नियंत्रण से बाहर हो रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई थी और डर था कि हम 1991 से पहले की स्थिति में पहुंच सकते हैं।

सम्पादकीय

# नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी

नक्सलवाद राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े एक्शन को अंजाम दिया है। यह सरकार की ओर से दो टूक संदेश है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान नहीं रुकेंगे, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों के बारे में नक्सली सोचे भी नहीं और नक्सलवाद के दिन गिने चुने ही बचे हैं। इस एक्शन से बस्तर जैसे नक्सली क्षेत्र में लोगों का डर कम होगा और लोग चुनाव में खुलकर भाग लेंगे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले तीन साल में नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। ऐसे अभियान इसी संकल्प के फलित हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सरक्षा बलों के ऑपरेशन्स चलते रहते हैं। किसी भी मांग के लिए हिंसा का रास्ता सही नहीं हो सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार व बदलाव एक सतत प्रक्रिया है, यह सिस्टम में रहकर आसानी से किया जा सकता है, लेकिन परिवर्तन की यूटोपियाई कल्पना को साकार करने के लिए अंध हिंसा का मार्ग अंधकार के गर्त में ही ले जाएगा। अपने ही राष्ट्र के बेकसूर लोगों के खिलाफ हिंसा हमेशा अस्वीकार्य है। पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग क्षेत्र के नक्सलबाड़ी से वर्ष 1967 में शुरू नक्सलवाद वर्ष 2024 तक एक आंदोलन समूह से हिंसक गुट में बदल चुका है। भारत करीब छह दशक से नक्सलवाद से प्रभावित है तो चार दशक से आतंकवाद से। नक्सलवाद के चलते सैकड़ों सुरक्षा बलों व बेकसूर नागरिकों की जान गई है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ता को दर्शाता है। नक्सली 2017-18 से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी-जोन) के ट्राई-जंक्शन जंगल में अपना नया आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें बालाघाट (मध्य प्रदेश), गोंदिया (महाराष्ट्र) और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, मुंगेली और कबीरधाम जिले शामिल हैं। माओवादियों का 'विस्तार प्लाटून' एमएमसी जोन में अपनी गतिविधियों के विस्तार की देखरेख कर रहा है। आजकल देश में अर्बन नक्सलिज्म यानी शहरी नक्सलवाद जैसे शब्द भी चल रहे हैं, जो वैचारिक विरोध के अर्थ में वामपंथी विचारकों व नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं। देश में वर्ष 2004 से नक्सलवाद तीसरे चरण में हैं, प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक रहा, दूसरा चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय रहा। नक्सलवाद की विकटता को देखते हुए वर्ष 2006 में सरकार ने अलग प्रभाग बनाया। सरकार नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक्शन्स के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। वर्ष 2013 में रोजगार प्रशिक्षण के लिए रोशनी शुरू हुई, तो वर्ष 2017 में केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना शुरु की। ऑपरेशन आल आउट चल रहे हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मुट्ठी भर नक्सली देश-विदेशी मदद के जरिये सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हैं, इसलिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है।



रामनवमी विशेष
प्रभात झा

राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि

रामायण में वर्णन है-महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, "भगवन! इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करने वाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अतः मुझे बताइये।" महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा, महर्षि! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेंद्रिय, बुद्धिमान प्रियवक्ता, शत्रुघ्नों के नाशक, धर्म के जानने वाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल,आार्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे, क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।"

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुलमें अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है- भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ अर्थात दीनों पर दया करने वाले, माता कौशल्या के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अदभुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्ण करते हैं-लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी। भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥ अर्थात प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्याम रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और



विशाल है। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं। राम शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जो रोम रोम में बसे। श्रीरामस्त्रोत्र में वर्णन है- लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये अर्थात लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव(कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरूप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैं। यदि हम सामाजिक, ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहां पिछले सहस्त्रों वर्षों से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराज्य के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराज्य चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता।

भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। उनके अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया, उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील के मूर्त स्वरूप है। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होनेपर भी वा सभा मे शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी की पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिए भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय मे राजतिलक होना था तब भी वल्कल पहनकर वनगमन करने मे संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेक ग्रंथों का, मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे मे कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दुःख सुनकर बोल उठे"निशिचर हीन करहु महि, भुज उठाए पन कीन्ह।" भारत के संविधान की मूल प्रति मे दीनदयाल भगवान के चित्र हैं। गांधी जी भी भगवान श्रीराम से ही प्रेरणा पाते थे और भारत मे रामराज्य चाहते थे। स्वामी रामानंद जैसे महान समाज सुधारक संत ने भी समाजिक पतन को रोकने के लिए रामनाम की महिमा का ही प्रयोग किया था। भगवान राम से प्रेरणा पाकर लोग समाजसेवा मे अत्यधिक योगदान करते हैं। आज भी भगवान राम की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हिंदू जनमानस के लिए भगवान राम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है। राम सबके लिए इस भारतवर्ष के पवित्र भूमि के हर कण में व्याप्त है। राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को 'रस विशेष से आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव को संपूर्ण भारतवर्ष में राम नवमी के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष की राम नवमी विशेष है। 500 साल के बाद ऐसी रामनवमी आएगी जब भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

(लेखक भाजपा नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

रामनवमी
अरविंद जयतिलक



# आदर्श समाज निर्माण का संदेश


बुधवार को रामनवमी है, प्रभु श्रीराम का अवतार दिवस। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं, इसीलिए भारतीय जनमानस उनकी जीवन पद्धति को अपना उच्च आदर्श मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संधारक और संतों के रक्षक हैं। उन्होंने दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। राम रघुकुल में जन्मे थे जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। उन्होंने अपने पराक्रम से दंडक वन को राक्षस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिये दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वही प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरूपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी की अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संहार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुरराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा, लेकिन रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। वे लंका का राज्य विभीषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिये भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिये ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंद आपके भीतर, खोजने की जरूरत नहीं



कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि




उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

संकलित
दर्शन

## ईर्ष्यालु व्यक्ति, संपन्नता नहीं देख सकता



एक महिला कुबड़ी थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।'



महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

संकलित
प्रेरणा

## सटाका




## आज की पाती

### कन्या पूजा का महत्त्व

भारत सारी दुनिया में देवभूमि के लिए प्रसिद्ध है। हमारा देश ही मात्र एक ऐसा देश है, जहां पर नवरात्र मनाया जाता हैं और कन्या पूजन होता है। लेकिन जब इसी देश में कन्या भ्रूण हत्या सामाजिक बुराई की खबरें सुनने को मिलती हैं, तो हर सभ्य और भारत की संस्कृति का अनुसरण करने वाला व्यक्ति यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि क्या भारत वही है जहां पर नवरात्र में कन्या पूजन होता है? दुर्गा माता पूजा-पाठ से कम और इनसान के अच्छे कर्मों से ज्यादा खुश होती हैं। नवरात्र में कुछ लोग व्रत रखकर कन्या पूजन करते हैं, लेकिन उनमें से ही कुछ लोग लड़कियों के प्रति घटिया सोच रखते हैं, नफरत करते हैं। हमें बेटियों को पूरा सम्मान देना चाहिए, तभी हमारा समाज सभ्य कहलाएगा। – *रमेश पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### अवसरों से समृद्ध भारत



मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भारत ऐसे अवसरों से समृद्ध है जहां आपकी प्रतिभा चमक सकती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भगवान के सृजन का उदाहरण



अनेक अनुपम, नयनाभिराम दृश्य, घटना, वैविध्यताओं से परिपूर्ण यह जगत परमात्मा की कलात्मक सृजन का श्रेष्ठ उदाहरण है। सुंदर और श्रेष्ठ सृजन में सहायक मानवीय मनोभावों की अनुपम उद्दाप्त और आह्लादकारी अभिव्यक्ति ही कला है।

# आज का राशिफल

मेषः गणेशजी कहते हैं कि आप अपनी सभी समस्याओं को स्वयं ही हल कर लेते हैं लेकिन आप पाएंगे कि यदि आप अपने साथी की मदद लेते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। आपका पार्टनर भी आपको व्यावहारिक मदद देने के लिए तैयार है। अगर इस समस्या का असर आपके निजी रिश्ते पर भी पड़ने की संभावना है तो बेहतर होगा कि आप अपने पार्टनर से इस बारे में किसी सार्वजनिक स्थान पर चर्चा करें, जहां उसके भावनात्मक रूप से अनियंत्रित होने की संभावना कम हो।

वृषभः गणेशजी कहते हैं कि ग्रहों की स्थिति ऐसी है कि आप काफी रोमांटिक और भावुक महसूस करेंगे। अब तक, आप प्यार में किसी भी जरूरत के बारे में बोलने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अब आप इन जरूरतों के लिए खुद को पूरे दिल से समर्पित करने के लिए तैयार हैं। आपने बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर कार्रवाई के लिए इस हार्दिक आह्वान को समझा है और यदि आप अपने प्रेम संबंध को आगे ले जाना चाहते हैं तो आपको बिना देर किए गंभीर हो जाना चाहिए।

मिथुनः गणेशजी कहते हैं कि प्यार और रोमांस का जादू इस समय आपके दिमाग पर है और अगर आप सिंगल हैं तो आप रोमांटिक पार्टनर ढूंढने के बारे में गंभीर हो जाएंगे। अगर आप पहले से ही किसी रिश्ते में हैं तो रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने या खत्म करने के बारे में सोचने का यह सही समय है। इनमें से किसी भी स्थिति में आज रिश्तों के मामले में बड़े बदलाव होने की संभावना है।

कर्कः गणेशजी कहते हैं कि अनकही बातें और अनसुलझे मुद्दे धीरे-धीरे आपके रिश्ते में दरार पैदा कर रहे हैं। आप उनका पालन-पोषण नहीं करना चाहते क्योंकि इससे रिश्ता खराब हो सकता है। हालाँकि, आज आप असामान्य रूप से टकराव के मूड में रहेंगे और वह हर बात पर बात करना और स्पष्ट करना चाहेंगे जो आपको पसंद नहीं है।

सिंहः गणेशजी कहते हैं कि इस बात की प्रबल संभावना है कि कोई तीसरा व्यक्ति किसी गलत इरादे से आपके रिश्ते में दखल देने की कोशिश करेगा। यह वह व्यक्ति है जिस पर आप भरोसा करते हैं और निर्भर हैं। इसलिए अगर वह आपके पार्टनर के बारे में कोई भी जानकारी देता है तो पहले उसकी जांच कर लें। आपको अपने पार्टनर की वजह से जलन हो सकती है। आपको केवल अपनी भावनाओं पर भरोसा करना होगा।

कन्याः गणेशजी कहते हैं कि आज अपने पार्टनर के साथ कुछ रोमांटिक समय बिताएं। दिन आलस्य और आराम से भरा रहेगा। भले ही आप कुछ खास योजना नहीं बना रहे हों, फिर भी आप अपने साथी और परिवार के साथ अच्छा समय बिताकर इसे खास बना देंगे। आज महत्वपूर्ण मुद्दों को किनारे रखकर जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लें। आपको संतुष्टि और ढेर सारा आनंद महसूस होगा।

तुलाः गणेशजी कहते हैं कि ग्रहों की स्थिति के कारण कल आपके रिश्ते में कुछ दिक्कतें आ रही थीं लेकिन आज ये दिक्कतें सुलझती नजर आएंगी। आप शांत रहेंगे और समस्या का समाधान ढूंढने में सक्षम रहेंगे, हालांकि कल रिश्ता चरम पर था। यह एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार और प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का समय है।

वृश्चिकः गणेशजी कहते हैं कि आज तुम्हें घर में प्रवेश नहीं करना है। आज अपने प्रिय के साथ घूमने-फिरने और मौज-मस्ती करने का दिन है। वयस्क जो भागीदार हैं वे अपने रिश्ते की स्थिति को बदलने के लिए बहुत उत्सुक हैं और प्यार की तलाश में हैं। अपने आप से दोबारा पूछें - क्या आपके सपनों का आदमी बहुत शक्तिशाली होना चाहिए? या क्या आप अधिक देखभाल करने वाला, भावुक व्यक्ति चाहते हैं?

धनुः गणेशजी कहते हैं कि सावधान रहें क्योंकि धोखाधड़ी और घोटाले तेजी से आपके सामने आ रहे हैं। हालाँकि यह बहुत छोटा है और किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता है, फिर भी यह आपको नुकसान पहुँचा सकता है। आज आप देने की प्रक्रिया में रहेंगे। आज का दिन थोड़ा कठिन हो सकता है, लेकिन अंततः यह आपके प्यार को मजबूत करेगा। भविष्य में आपको अपनी लव लाइफ में खुशियां मिलेंगी लेकिन अभी ज्यादा इजहार करने से बचें।

मकरः गणेशजी कहते हैं कि आपका पुराना प्रियतम नया बनने की कोशिश कर रहा है। आपको उन्हें एक मौका देना चाहिए और दूरियां पाटने के उनके प्रयासों की सराहना करनी चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें यह भी महसूस कराना चाहिए कि आप जानते हैं कि उन्होंने अतीत में जो गलतियां की हैं, उन्हें दोबारा नहीं दोहराया जाना चाहिए।


कुंभः गणेशजी कहते हैं कि आज आपके और आपके पार्टनर के लिए लाभकारी स्थिति है। आपकी कामुक भावना आप पर हावी हो जाती है जिसके कारण आप असहाय हो जाते हैं। ऐसी ही आग दूसरी तरफ भी है। सावधान रहें और पूछें, आप निराश नहीं लौटेंगे। इसके लिए बस थोड़ा सा सौम्य और देखभाल करने वाला दृष्टिकोण चाहिए और वैसे भी आपके पास एक समझदार साथी है।

मीनः गणेशजी कहते हैं कि आप किसी के दिल में हमेशा के लिए जगह बना सकते हैं। आपके नए रिश्ते की शुरूआत बहुत ताजा और अंतरंग होगी। आपका दिमाग बहुत खुला रहेगा और आप दिखावे से प्रभावित हुए बिना सच्चे प्यार और सच्चे संबंध की तलाश में रहेंगे। अतीत के कड़वे अनुभवों को बाधा न बनने दें। अगर आपको डर लग रहा है तो सावधानी से आगे बढ़ें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्टिन स्कोर्सेसे करेंगे जीसस-फ्रैंक सिनात्रा की बायोपिक में भूमिका



मार्टिन स्कॉर्सेसी ने हाल ही में एक हिट क्राइम थ्रिलर फिल्म 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' की सफलता का आनंद ले रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने 10 ऑस्कर नामांकन प्राप्त किए। अब वे अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्देशक की आगामी परियोजनाओं का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वे एक के बाद एक दो फिल्में शूट करने की योजना बना रहे हैं। पहली यीशु के बारे में और दूसरी फ्रैंक सिनात्रा की बायोपिक है। 'वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' के निर्देशक की नजर मशहूर गायक फ्रैंक सिनात्रा की बायोपिक पर है। हालांकि, दिवंगत गायिका की बेटी टीना सिनात्रा ने अभी तक इसे हरी झंडी नहीं दी है, लेकिन स्कोर्सेसे ने पहले ही फिल्म के लिए सितारों से सजे कलाकारों की टोली की योजना बना ली है। कथित तौर पर वे अपनी दूसरी पत्नी एवा गार्डनर के रूप में जेनिफर लॉरेंस के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए अपने सहयोगी लियोनार्डो डिकैप्रियो को बोर्ड पर लाएंगे। अकादमी पुरस्कार विजेता निर्देशक के साथ ए-सूची अभिनेताओं की दमदार जोड़ी बनेगी। इस वजह से फिल्म ने प्रमुख उत्पादन कंपनियों का ध्यान खींचा है। इसमें एप्पल शामिल है, जिसने स्कोर्सेसे की आखिरी हिट 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' का निर्माण किया था। हालांकि, कथित तौर पर सोनी इस प्रोजेक्ट को पाने की दौड़ में सबसे आगे है। निर्देशक की दूसरी परियोजना 'लाइफ ऑफ जीसस' है, जो शोसाकू एंडो की 1973 की किताब पर आधारित है। कथित तौर पर वे फिल्म के प्रति एक अलग दृष्टिकोण रखेंगे और स्टूडियो सिस्टम से दूर स्वतंत्र रूप से इसका निर्माण करेंगे। यह स्व-वित्तपोषित फिल्म उनकी फिल्म साइलेंस को बोर्ड पर ला सकती है, जिसे स्कोर्सेसे-सहयोगी एंड्रयू गारफील्ड ने भी स्व-वित्तपोषित किया था। हालांकि, इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि वे यीशु या उनके किसी शिष्य की भूमिका निभाएंगे या नहीं।

### टॉलीवुड

## अजित कुमार की फिल्म में जॉन अब्राहम की एंट्री के कयास





तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता अजित कुमार इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उनकी फिल्म गुड बैड अग्ली को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में जॉन अब्राहम खलनायक के रूप में दिख सकते हैं। साउथ के मशहूर अभिनेता अजित कुमार निर्देशक आधिक रविचंद्रन की अगली फिल्म काम करने को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। फिल्म का नाम गुड बैड अग्ली है। हालांकि, मौजूदा समय में अभिनेता अपनी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची की शूटिंग कर रहे हैं। आधिक की फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। वहीं, इसमें काम करने वाले कलाकारों को लेकर भी सोशल मीडिया पर कयासों का बाजार गर्म नजर आ रहा है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम फिल्म में विलेन की भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो मेकर्स के साथ उनकी बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्माता जॉन को नकारात्मक भूमिका में कास्ट करने के इच्छुक हैं। रिपोर्ट्स अगर सही साबित होती हैं तो जॉन इस फिल्म से तमिल सिनेमा में अपना डेब्यू करेंगे। निर्देशक आधिक रविचंद्रन की पिछली फिल्म की बात करें तो मार्क एंटनी काफी सफल रही थी। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। उनकी आगामी फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स के बैनर तले किया जा रहा है। प्रोडक्शन कंपनी के साथ अजित की यह पहली फिल्म है। साथ ही, वे निर्देशक के साथ भी पहली बार काम कर रहे हैं। फिलहाल, यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन के चरण में है।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ में बनने जा रही हिंदी-छत्तीसगढ़ी सहित छह भाषाओं में श्री रामायण कथा



महोबिया फिल्म्स प्रोडकशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार माता कौशल्या की पावन धरती भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ में हिन्दी और छत्तीसगढी सहित छह भाषाओं में डायरेक्टर अभिषेक सिंह के निर्देशन में फिल्म श्री रामायण कथा बनने जा रही है। जिसकी शूटिंग आगामी 28 अप्रैल से भिलाई में मुहुर्त के साथ ही शुरू होगी, इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस धार्मिक फिल्म को बनाने बिल्डर्स निर्माता प्रकाश महोबिया एवं संजय बुंदेला ने बीडा उठाया है। इस फिल्म में बॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्टरों के साथ ही छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता के अलावा छॉलीवुड के सुप्रसिद्ध एक्टर्स शमशीर सिवानी सहित कई कलाकार इसमें महती भूमिका निभायेंगे। इस फिल्म में भगवान राम,माता सीता और रावण की भूमिका निभाने वाले कलाकारों का जल्द खुलासा होगा। फिल्म की कहानी अभिषेक सिंह की है और इसकी स्क्रिप्ट सचिन कुमार सिंह ने लिखी है।

लाइफ स्टाइल



फैशनेबल टीम

न्यूयॉर्क फैशन वीक अपने स्टाइल, प्रेरणा और रुझानों के एक और तूफानी महीने की शुरुआत कर रहा है। यह निश्चित रूप से आने वाले महीनों में फैशन की दुनिया में हावी रहेगा। इस सीज़न में डिजाइनर लुक्स और कई अन्य चीज़ों पर नए ट्विस्ट पेश कर रहे हैं, जो साबित करते हैं कि रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति जीवंत और बेहतरीन है। यहां फैशन शो की तैयारी में मॉडल्स की टीम।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद रूखेपन से हैं परेशान, तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

अगर आप भी बालों में मेहंदी लगाते हैं तो ये खबर आपके काम की है। आजकल छोटी उम्र से ही लड़के लड़किगों के बाल सफेद होने लगते हैं। सफेद बालों की समस्या लगभग अधिकतर युवाओं को है। कम उम्र में बाल सफेद होने से लुक भी खराब लगता है। इसलिए लोग अपने सफेद बालों को छुपाने के लिए मेहंदी या कलर्स लगाते हैं। वैसे बालों को कंडीशनर देने के तौर पर भी मेहंदी का इस्तेमाल होता है। इसके लिए लोग बाजार में बिकने वाली कलर वाली केमिकल युक्त मेहंदी लगाते हैं। अब मेहंदी फायदेमंद है, लेकिन बाजारों की केमिकल मिली मेहंदी के साइड इफेक्ट भी होते हैं, जिनकी वजह से आपके बालों पर बुरा असर पड़ता है और बाल खराब हो जाते हैं। पैकेट वाली मेहंदी या कलर लगाते हैं तो ये बात अच्छे से जानते होंगे कि मेहंदी से बाल रूखे हो जाते हैं। इस तरह की मेहंदी के अधिक उपयोग से बालों में रूखापन बढ़ता है। अपने बालों को खराब होने से बचाने के लोए उन्हें नरिश करना चाहिए। इसलिए बालों में केवल मेहंदी लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि मेहंदी लगाने के बाद डीप कंडिशनरिंग भी करनी होगी। चलिए



बताते हैं कि बालों में मेहंदी लगाने के बाद कैसे दें बालों को नरिशमेंट और बनाएं मुलायम व सिल्की।

### मेहंदी में मिलाएं आंवला पाउडर और दही

मेहंदी लगाते समय ही आप बालों के डीप कंडिशनिंग का ख्याल रख सकते हैं। इसके लिए मेहंदी में आंवला पाउडर मिला लीजिए। इसमें दही या अंडे में से कोई एक चीज भी मिलाएं। इस तरह से मेहंदी लगाने से बालों में रूखापन नहीं आता। वैसे मेहंदी में आंवले का तेल या बादाम का तेल भी मिला सकते हैं।

### बालों में लगाएं दही का पैक

मेहंदी लगाने से बालों के रूखेपन को दूर करने के लिए दही का उपयोग करें। दही बालों के लिए रामबाण है, रूखेपन के अलावा बालों से डैंड्रफ को भी निकालता है। बालों में दही लगाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी दही में दो चम्मच ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल मिला लें। फिर नींबू की कुछ बूंदें डालकर मिला लें। अब दही का ये मिश्रण बालों पर करीब आधा घंटा लगाकर छोड़ दें। बाद में माइल्ड शैंपू से बालों को अच्छे से धो लें।

### केले का हेयर पैक कैसे बनाएं

मुलायम बालों के लिए आप केले का हेयर पैक भी बना कर लगा सकते हैं। इसे बनाना आसान है। सबसे पहले एक केला, एलोवेरा और दो चम्मच कोई भी हेयर ऑयल लेकर मिक्सर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें। आधा से एक घंटा इसे बालों पर लगाएं। फिर बालों को धो लें। बालों को चमकदार और स्मूथ बनाने का एक और तरीका है।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े



फैशन

जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।



**पेस्टल रंग:** इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लू:** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीन:** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

**पर्पल:** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

**मैटेलिक रंग:** अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।


## पानी में ये 5 चीजें डालकर नहाने से नहीं आती है पसीने की दुर्गंध

अगर आपके शरीर से भी पसीने की तेज गंध आती है, तो अपने नहाने के पानी में आप रसोई में मौजूद इन चीजों को मिक्स कर सकती हैं। इससे आपको बहुत फायदा मिलेगा।

गर्मियों में शरीर से पसीना आना लाजमी है। पसीने में एसिड और ऑयल होता है, इसलिए किसी-किसी के पसीने से बहुत बुरी बदबू भी आती है। बाजार में आपको बहुत सारे ड्यूडरेंट्स और परफ्यूम मिल जाएंगे, मगर इनकी खुशबू आपके पसीने की दुर्गंध को नहीं दूर कर पाएगी। ऐसे में आपको किसी ऐसे उपाय की जरूरत है, जो आपको स्थाई रूप से इस समस्या से निजात दिला दें। आज हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि आप नहाने के पानी में ऐसा क्या मिला सकती हैं कि शरीर से आने वाली दुर्गंध दूर हो जाएगी या फिर कम हो जाएगी।

### नींबू के छिलके आएंगे काम

नींबू की सुगंध पसीने की दुर्गंध को कम कर सकती हैं। इसके लिए आप नींबू का रस पानी में मिक्स कर सकती है या आप नींबू के छिलकों को पानी में भिगोकर भी इस्तेमाल कर



सकती हैं। नींबू न हो तो आप लेमन एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें पानी में डालकर उससे भी नहा सकती हैं। इस उपाय को नियमित अपनाने पर आपको बहुत फायदा मिलेगा।

### मोगरे के फूल से मिलेगी मदद

मोगरे के फूल की खुशबू के आगे कोई सुगंध या दुर्गंध नहीं टिक पाती है। ऐसे में आप नहाने के पानी में 2 मोगरे के फूल भी डाल देती हैं, तो पूरे पानी से खुशबू आने लग जाती है। आप रात में सोने से पहले फूल को नहाने के पानी में डाल दें और सुबह उठकर उसी पानी से नहा लें।

## आरामदायक कपड़ों में दिखना है खूबसूरत तो गर्मी के मौसम में पहनें इस तरह के सूट

अप्रैल का महीना लगते ही गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में लोग अपने खाने-पीने से लेकर पहनावे तक में बदलाव करते हैं। अगर ये बदलाव न किया जाए तो कई तरह की शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। गर्मी के इस मौसम में लोग ऐसे कपड़े पहनना पसंद करते हैं, जो शरीर को राहत पहुंचाएं। इस मौसम में ज्यादातर लोग कॉटन, लिनन, और रेयॉन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं।

### शिफॉन अनारकली

गर्मी के इस मौसम में अगर आप इस तरह की शिफॉन का अनारकली सूट पहनेंगी, तो आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा। इसके साथ आप व्हाइट रंग की लैगिंग्स कैरी कर सकती हैं। गर्मी का मौसम है तो आप अपने बालों को बाँध भी सकती हैं।

### सिल्क शरारा

अगर किसी कार्यक्रम में शामिल होना है, तो आप इस तरह का सिल्क का शरारा कैरी कर सकती हैं। ये काफी सादगी भरा लुक देने का काम करता है। इसे



पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

### कॉटन शरारा

इस तरह का शरारा सूट गर्मी के मौसम में सबसे खूबसूरत लगता है। ऐसे सूट आपको बेहद कम दामों में ऑनलाइन और ऑफलाइन भी मिल जाएंगे। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। अगर किसी पार्टी में जा रही हैं, तो सूट के साथ चूड़ियां जरूर पहनें।

कार्नर न्यूज

**बिना सोचे-समझे बालों में रिबॉंडिंग कराना होता है गलत, पहले करें विचार**

## बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

*पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए। इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।*



### नुकसान के लिए रही तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

### टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है। नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें.

### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।



### हीट ट्रीटमेंट से रहें दूर

रिबॉन्डिंग के बाद आपको किसी भी तरह के हीट ट्रीटमेंट से दूर रहना होगा। अगर आप ड्रायर या स्ट्रेटनर इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें बंद करना होगा, क्योंकि इससे बालों को ज्यादा नुकसान होगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## जगह-जगह शोभायात्रा और भंडारा, किया गया विशेष श्रृंगार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। राजधानी में सुबह से ही हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में आज महा आरती, भंडारा, सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और राम चरित मानस पाठ किया गया। इसके साथ ही राजधानी में जगह-जगह पर शोभा यात्रा भी निकली गई। साथ ही हनुमान भक्तों की ओर से शहर के जगह-जगह में संध्या भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। दूधाधारी मठ के हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दुग्धाभिषेक किया गया। साथ ही विशेष पूजा-अर्चना की गई। आज दिनभर मठ खुला रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में विधि-विधान से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान हनुमान से छत्तीसगढ़ वासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। छत्तीसगढ़ वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सुशासन और राम राज्य की स्थापना के लिए हनुमान की कृपा हम सबको मिलती रहे। पूजा में सीएम साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय सहित परिवारजन भी उपस्थित थे। लभांडी स्थित सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जी को सवामणी भोग चढ़ा गया। साथ ही दोपहर साढ़े तीन बजे सुंदर कांड का पाठ और शाम सात बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में तड़के साढ़े बजे मंदिर खुलने के बाद 101 किलो दूध से भगवान का अभिषेक किया गया है। साथ ही सुबह हनुमान की शोभायात्रा निकाली गई। राजेंद्र नगर स्थित श्मशान काली मंदिर में हनुमान जी की विशेष पूजा की गई। बूढ़ापारा स्थित महामृत्युंजय वीर हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे हनुमान जी की आरती की गई। साथ ही सुबह आठ बजे श्रृंगार आरती किया गया है और भोग चढ़ा गया है। यहां दिनभर भंडारा होगा। रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर में शाम को लेजर लाइट शो होगा। रायपुर के गुढ़ियारी, सुंदर नगर और लाखे नगर समेत इलाकों में शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। वहीं जगह-जगह पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता के लिए मरीन ड्राईव में स्वीप संध्या 26 को

**मॉडल अधीर-जया भगवानानी के साथ सीनियर सिटीजन, कपल्स, युवा वोटर करेंगे रैम्प वॉक**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने संचालित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 अप्रैल की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वीप संध्या का आयोजन किया जा रहा है। प्रख्यात मॉडल अधीर भगवानानी और जया भगवानानी का रैम्प वॉक इस अवसर पर होगा, यही नहीं अविवाहित, विवाहित, वरिष्ठ मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही साथ तीन पीढ़ियों के सदस्य रैम्प वॉक कर सभी को मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या की शुरूआत मरीन ड्राईव तेलीबांधा में शाम 06:30 बजे होगी।

युवा वोटर्स, अविवाहित, नववधू, तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने वाले दादी, माँ, बेटी और दादा-दादी एवं पोता, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूष व महिला मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग इस स्वीप संध्या में के रैम्प वॉक के प्रतिभागी होंगे। इसके लिए निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष के अविवाहित मतदाता, 01 वर्ष की नवविवाहिता मतदाता के साथ महिला पुरूष मतदाता वर्ग में पृथक-पृथक एक साथ तीन पीढ़ियां व ट्रांसजेंडर्स एवं दिव्यांग मतदाता रैम्प वॉक कर मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या में भाग ले रहें प्रतिभागियों को शाम 05 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है। रायपुर जिला प्रशासन के इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में कोई भी प्रतिभागी पंजीयन करा सकते है। इसके लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे- फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम में स्वीप संध्या संबंधी क्रिएटिव में प्रदर्शित क्यू-आर कोड स्कैन कर अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। विशेष प्रदर्शन कर मतदान जागरूकता का संदेश देने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन रायपुर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। स्वीप संध्या से संबंधित अधिक जानकारी के लिए महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रितु परिहार दूरभाष क्रमांक 62667-94466 एवं अनुपमा तिवारी 98271-87140 से संपर्क कर सकते है।

# राजभवन के वीवीआईपी सुइट में रुकेंगे पीएम मोदी, पीएमओ से पहुंचा डिनर मेन्यू

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के दो दिन के दौरे पर हैं। मंगलवार को वे सक्ती और धमतरी तथा कल सुबह अंबिकापुर में आम सभा को संबोधित करेंगे। धमतरी की सभा के बाद प्रधानमंत्री आज शाम रायपुर आ जाएंगे। वे यहां राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 बरस में पहली बार मोदी छत्तीसगढ़ में रात्रि विश्राम करेंगे। इससे पहले कभी ऐसा मौका नहीं मिला। चूंकि धमतरी की सभी 3 बजे है। और उसके बाद कल सुबह नौ बजे अंबिकापुर में उनकी सभा होगी। सो, धमतरी से दिल्ली वापिस जाने की बजाए प्रधानमंत्री रायपुर में नाइट हॉल्ट करना बेहतर समझे।

प्रधानमंत्री के रुकने के लिए राजभवन को तैयार कर लिया गया है। वीवीआईपी सुइट को भी सुसज्जित कर दिया गया है। इसी सुइट मे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पिछले प्रवास में रुकी थीं। प्रधानमंत्री के अलावा उनके सचिवालय और अन्य सीनियर अफसरों के लिए सुइट से लगे 10 कमरे दिए गए हैं। बाकी लोग सर्किट हाउस में रुकेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास माना एयरपोर्ट से वीआईपी रोड, फुंडहर, एक्सप्रेस वे होते हुए राजभवन पहुंचेंगे। चूकि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है, इसलिए राजभवन में उनका कोई वेलकम नहीं होगा। वे सीधे राजभवन के गेस्ट हाउस के पोर्च में कार से उतर कर अंदर चले जाएंगे।

### पीएमओ से पहुंचा डिनर का मेन्यू

प्रधानमंत्री के रात के भोजन के लिए पीएमओ यानी प्रधानमंत्री कार्यालय से मेन्यू राजभवन पहुंच गया है। प्रधानमंत्री रात में खाना बेहद सिंपल खाते हैं। दाल, रोटी, एक सब्जी और कुछ सलाद। इसी तरह का मेन्यू पीएमओ से आया है। रात का डिनर भी उनका तामझाम के साथ नहीं होगा। पता चला है, राजभवन ने उन्हें रात के डिनर का आग्रह किया था। मगर पीएमओ से कोई जवाब नहीं आया।

# 10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई, एक भी वादा पूरा नहीं किया : कांग्रेस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 10 सालों में मोदी की गारंटी फेल साबित हुई एक भी वादा पूरा नहीं किया। मोदी सरकार ने 10 सालो में एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं। यह मूल गारंटी का बीसवां हिस्सा भी नहीं है। वर्तमान में, 25 से कम आयु के दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल बेरोजगारों में से 83 परसेंट बेरोजगार युवा है। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होगी। इस लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करने के लिए 2015 से किसानों की आय में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता थी। वास्तविक वृद्धि 3.5 प्रतिशत ही रही है। इस गति से गारंटी 2035 में ही पूरी हो सकेगी। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हर दिन 30 किसान आत्महत्या करते हैं। मोदी सरकार की नोटबंदी योजना नासूर साबित हुई। काले धन की वापसी, जालसाजी पर अंकुश, आतंकवाद पर लगाम, भ्रष्टाचार का अंत-सभी गारंटी फेल। बंद हुई 99 प्रतिशत करेंसी सिस्टम में लौट आई है। नोटबंदी आर्थिक-आतंकवाद से कम न थी। मोदी राज की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत ने दम तोड़ दिया। कैग की रिपोर्ट से पता चला कि योजना के 7.5 लाख से अधिक लाभार्थी अमान्य थे। मध्य प्रदेश में, मृत घोषित किए जा चुके 400 मरीजों को भी एक करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया था। उज्जवला में भी मोदी सरकार ने महिलाओ को ठगा। सब्सिडी के बावजूद, 2022-23 में 1.2 करोड़ से अधिक परिवारों ने सिलेंडर नहीं खरीदा। अन्य 1.5 करोड़ लाभार्थियों ने केवल एक सिलेंडर लिया। मोदी सरकार की योजनाओ की विफलता बताती है। मोदी ने 10 सालो तक केवल जुमलेबाजी एवं भाषण की सरकार चलाया।

# मुफ्त में फेस मसाज नहीं किया तो सेलून संचालक को मारा चाकू, गिरफ्तार...

रायपुर। रायपुर में एक बदमाश ने फ्री में फेस मसाज करने से मना करने वाले सेलून संचालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी सुरेश सेन ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 10 बजे उनके सेलून में आरोपी जाफर खान आया और सेलून के सीट में जबरदस्ती बैठकर प्रार्थी को चेहरा साफ करने बोला। दुकान मलिक चेहरा साफ करने से मना करने पर बदमाश गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं बदमाश ने चाकू से प्रार्थी के कान पास मारकर चोट पहुंचाई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला छात्रा का शव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में रविवार देर शाम हाई स्कूल की एक छात्रा ने संदिग्ध हालत में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के न्यू रहीमाबाद निवासी व नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत रमेश ठाकुर रविवार को काम पर चले गए। घर में रमेश की पत्नी के अलावा बेटी आकांक्षा ठाकुर (15) और बेटा अनमोल (10) मौजूद थे। लेकिन शाम करीब 6 बजे रमेश की पत्नी अनमोल को साथ लेकर स्कूल का सामान खरीदने मार्केट चली गई। जब रात करीब 9 बजे वह मार्केट से वापस लौटी तो घर का दरवाजा अन्दर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। इसी बीच रमेश भी काम से वापस आ गया। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब नहीं खुला तो रमेश अपने पड़ोसी के घर से उसकी छत होते हुए अपने घर के अंदर पहुंचा। जहां बेटी आकांक्षा ठाकुर कमरे के अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे मृत लटकी मिली। यह नजारा देख रमेश के होश उड़ गए। इस घटना से रमेश के घर में घर में कोहराम मच गया। आनन फानन पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महिला ने पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर की आत्महत्या

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में सोमवार को एक महिला ने संदिग्ध हालात में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस में मजदूरी करने वाला बंथरा कस्बा निवासी राजू सोमवार सुबह काम पर चला गया और घर पर उसकी पत्नी पार्वती (39) व अन्य सदस्य थे। इसी बीच पार्वती ने कमरे अंदर दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक पार्वती कमरे से बाहर नहीं निकली तो उसका बेटा अभिषेक उसे खोजता हुआ पहुंचा। लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने कई बार आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इस पर उसने खिड़की से झांक कर देखा तो उसकी मां पार्वती पंखे के हुक से साड़ी के सहारे मृत अवस्था में लटकी मिली। यह देखकर उसके होश उड़ गए। आनन फानन उसने इसकी सूचना अपने पिता राजू को दी। राजू ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी बंथरा पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है कि मृतका का पति राजू नशेड़ी प्रवृत्ति का है।

# दो मोबाइल चोर गिरफ्तार, चोरी के मोबाइल फोन बरामद

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। आलमबाग पुलिस में थाना क्षेत्र स्थित रेलवे के सी एण्ड डब्ल्यू रोड से दो शातिर मोबाइल फोन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए शातिरों के पास से तलाशी के दौरान चोरी के पांच मोबाइल फोन बरामद किया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शातिरों ने अपना परिचय सुंदर कुमार महतो पुत्र सरवन महतो व दूसरे ने परिचय . देवराज कुमार पुत्र भुवनेश्वर कुमार नोनिया निवासी- गावं तीन पहाड़, बाबूपुर थाना तीन पहाड़ तहसील राजमहल जनपद साहेबगंज झारखंड हालपता- किराये का मकान सुनील यादव का मकान बांग्ला बाजार नियर इंडियन ऑइल पेट्रोल पम्प थाना आशियाना जनपद लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिरों ने बताया कि वह लोग भीड भाड वाले इलाके में लोगों की जेब से मोबाइल फोन पार कर देने के बाद फरार हो जाते थे और मोबाइल फोन बेचकर लाभ कमाते थे। पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर पकड़े गए शातिरों को कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## प्रबुद्ध वर्ग समागम, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में सोमवार को कानपुर रोड स्थित आजाद गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग समागम, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सांसद कौशल किशोर ने कहा कि देश और समाज के समुचित विकास में प्रबुद्ध वर्ग की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने में प्रबुद्ध वर्ग दृढ़ संकल्पित है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चंद्रमणि देवी **(CHANDRAMANI DEVI)** पति नरेंद्र कुमार गर्ग, **H. NO.** - 83 , प्रतापपुर,जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़। यह शपथ करती हूं की मैं अपने पुराने नाम चंद्रमणि देवी **(CHANDRAMANI DEVI)** पति नरेंद्र कुमार गर्ग को त्याग कर नया नाम चंद्रमणि देवी गर्ग **(CHANDRAMANI DEVI GARG)** पति नरेंद्र कुमार गर्ग रख ली हूँ, अतः आज समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नए नाम चंद्रमणि देवी गर्ग **(CHANDRAMANI DEVI GARG)** पति नरेंद्र कुमार गर्ग के नाम से जाना पहचाना जावे

चंद्रमणि देवी गर्ग पति नरेंद्र कुमार गर्ग, ल. ठड. - 83 , प्रतापपुर,जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़

## दूसरे चरण में यूपी की 8 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान

लखनऊ। मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा इस चरण की सभी सीटें जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है तो पिछले चुनाव में मात्र एक सीट जीत पाई बसपा के लिए अपनी सफलता को दोहराने की चुनौती होगी। आइएनडीआइए के तहत कोटे में आई 17 सीटों में से अब तक 15 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी कांग्रेस के लिए भी दूसरा चरण प्रतिष्ठापरक है। कांग्रेस इस चरण की आठ सीटों में से चार पर अपने उम्मीदवारों के साथ मैदान में है, जबकि शेष चार सीटों पर सपा ताल ठोंक रही है। इस लिहाज से दूसरा चरण सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए भी कसौटी साबित होगा। ब्राह्मण जाति से ताल्लुक रखने वाले भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम तीसरी जीत का तानाबाना बुन रहे हैं तो बसपा ने भी पैंतरा बदल कर यहां सजातीय प्रत्याशी उतारा है। अपने मुस्लिम प्रत्याशी गुफरान नूर का टिकट काटकर उसने भगवा खेमा छोड़कर आए हितेन्द्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय पर दांव खेला है। सपा ने जाट बिरादरी के पूर्व सांसद चौधरी बिजेन्द्र सिंह पर फिर भरोसा जताया है। अलीगढ़ सीट पर सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता हैं।

**न्यायलय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत इन्दरपुर को सूचित किया जाता है कि श्री शिवधारी यादव पिता श्री ननकू अपने निवासी इन्दरपुर 881/5 हे० जो ग्राम इन्दरपुर स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं० तहसील रकबा 0.200हे0 जो ग्राम इन्दरपुर प.ह.नं 22 रा०नि०मं० ओडगी तहसील ओडगी जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षे० इन्दरपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 23/04/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०/अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बजरंग लाल पिता विश्वेश्वर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बौरीपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम कांतिप्रकाशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 139/20 रकबा 0.019 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

बलरामपुर दिनांक 19.03.2024
क्रमांक //52/वि०विवाह अधि०/वाचक / 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वर पक्ष संदीप कुमार सोनवानी आ० रामऔतार सोनवानी उम्र 26 वर्ष जाति घांसी निवासी ग्राम पचावल थाना व तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के वधु पक्ष निकिता शैल पैकरा आत्मज समरसाय पैकरा उम्र 20 वर्ष जाति कंवर निवासी ग्राम दोहना थाना व तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। इस विवाह प्रमाण पत्र जारी होने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 19.04.2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चातप्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

(सुनवाई दिनांक 19.04.2024)
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बलरामपुर- रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/वाचक-1/व्यपवर्तन/2024
पत्थलगांव, दिनांक 01/04/2024

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम कछार, प.ह.नं. 21, तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ० ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जितेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता बजरंग लाल अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम पत्थलगांव, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कछार, प.ह.नं. 21, ख०न० 251/53, 251/54, 251/56 कुल 03 रकबा 0.306 है., 0.040 है. 0.040 हे. कुल 0.446 है. स्थित आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 31.04.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है. अत इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दाया/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.04.2024 को यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/**
**सक्षम प्राधिकारी**
**पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)**

# हनुमान प्रभु के जन्मोत्सव पर जय हनुमान ज्ञान गुण सागर से गुंजायमान हुए मंदिर

**0 विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ सामुहिक हनुमान चालीसा, सुन्दरकांड व भंडारे का आयोजन 0 ढोल नगाड़ों के साथ निकली हनुमान प्रभु की भव्य शोभायात्रा**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को पवन पुत्र हनुमान प्रभु का जन्मोत्सव शहर सहित जिले भर में श्रद्धाभक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रात: से ही मंदिर जय हनुमान ज्ञान गुण सागर व जय श्री राम जय जय वीर हनुमान के जयकारे से गुंजायमान रहे। इस मौके पर शहर सहित जिले के सभी हनुमान मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना के साथ संगीतमय हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के सामूहिक पाठ व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं कई मंदिर में अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन भी हुआ। शाम को नगर में बाजे गाजे, आकर्षक झांकी व आतिशबाजी के साथ हनुमान प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ततपश्चात शाम को भजन कीर्तन का आयोजन हुआ जहां बाहर से आये हुए कलाकारों के द्वारा आकर्षक झांकियों के बीच भजनों की अमृत वर्षा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद हनुमान भक्तों झूमते नाचते भजनों का आनंद लेते नजर आए। संकट मोचन हनुमान प्रभु के जन्मोत्सव के लिए शहर के श्री राम मंदिर सभी हनुमान मंदिरों में रंगरोगन कर रंगीन रोशनी व फूलमालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं हनुमान प्रभु की प्रतिमा का लाल गुलाब व अन्य सुन्धित फूल व लताओं से मनमोहक श्रृंगार किया था। जो हनुमान भक्तों को आकर्षित कर रहा था। मंगलवार के प्रात: से ही हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने व पूजा अर्चना का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था।



इस बार मंगलवार के दिन हनुमान प्रभु का जन्मोत्सव होने से विशेष महत्व था। जिसको लेकर भी लोगो मे पूजा अर्चना को लेकर खासा उत्साह रहा। शहर के मेन रोड स्थित प्रभु श्री राम मंदिर व दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री राम समिति, रंगमंच स्थित हनुमान मंदिर में मारुति सेवा समिति श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम सेवक, भैयाथान रोड पंचमन्दिर में बजरंग सेवा समिति, जेलपारा में हनुमान मंदिर समिति, मिश्रागली स्थित शिव मंदिर में महिला मंडल, पर्री स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पंचमुखी सेवा समिति, तिलसिवां व पचिरा स्थित हनुमान मंदिर में मंदिर समिति के द्वारा प्रात: से ही हनुमान प्रभु को चोला चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना व हवन सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान का दौर प्रारम्भ हुआ जो दिन भर अनवरत जारी रहा। वहीं सभी मंदिरों में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। ततपश्चात संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ। भैया थान रोड के पंचमन्दिर में सोमवार प्रात: से अखंड श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया था। जिसका मंगलवार को प्रात: समापन किया गया जिसके बाद पूजा अर्चना व विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गए। जेल पारा स्थित हनुमान मंदिर में लड्डुओं व मौसमी फलों से सुशील अग्रवाल व चंद्रशेखर जायसवाल के परिवार द्वारा हनुमानजी का अभिषेक किया गया। सभी मंदिरों भव्य भंडारे का आयोजन दोपहर से प्रारम्भ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। रंगमंच से मारुति सेवा समिति द्वारा शाम को हनुमान प्रभु की बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो से होकर वापस रंगमंच पहुंची जहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यहां स्थानीय एवं बाहर से आये हुए भजन गायकों के द्वारा आकर्षक झांकियों के बीच मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं शहर के सहित आसपास गांवों के तमान हनुमान मंदिरों में शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। हनुमान प्रभु के जन्मोत्सव को लेकर पूरे दिन शहर का माहौल भक्तिमय रहा।

## चौपाटी में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। जिले के पात्र नागरिक शत प्रतिशत मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुराना बस स्टैंड के चौपाटी सेंटर में मतदाता जागरूकता के संदेश वाले पोस्टर ठेले, गुमटियों व दुकानों में लगाये गये। इन पोस्टरों को चौपाटी में स्थित चाट, चाउमीन, दोसा एवं इडली, भेल, बर्गर व लिट्टी चोखा और चाय सेंटर में लगाए गए ताकि मतदाता जागरूकता संदेशों को पढ़ कर ग्राहक अपने मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत करें। इन पोस्टरों में ''मतदान एक ऐसी ताकत है जिसमें हम अपने देश को बदल सकते है।''

# फर्जी खाता खोलवाकर ठगी मामले में दुर्ग पुलिस एक युवक को किया गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** अपने पद का दुरुपयोग करके एक निजी बैंक के एएलओ द्वारा कथित रूप से फर्जी खाता खोलकर लाखों रुपए के ठगी मामले में जांच के लिए दुर्ग की सुपेला थाना पुलिस बिश्रामपुर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर ली है। बताया जा रहा है कि दुर्ग में लाखों की ठगी की वारदात को अंजाम देकर कुछ युवक सरगुजा में छिपे हुए हैं, जिनकी दुर्ग पुलिस को तलाश थी।

आज दुर्ग जिले की सुपेला थाना पुलिस आरोपी के लोकेशन के आधार पर बिश्रामपुर थाना पहुंची और कॉलोनी में रह रहे युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने हेतु लोकल पुलिस से सहयोग मांगा और फिर कुछ देर बाद बिश्रामपुर पुलिस के सहयोग से 25 वर्षीय युवक कालीघाट निवासी मनीष समद्दार पिता स्व.गोपाल को धर दबोच उसकी निशानदेही पर एक अन्य सहयोगी को पकड़कर हिरासत में पूछताछ हेतु अपने साथ ले गई है।बताया जा रहा है कि ठगी के मामले में आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार थे, जिसकी पुलिस को तलाश थी। सुपेला




थाना की पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित अंदानी के नेतृत्व में चार जवानों को लेकर आज सुबह बिश्रामपुर पहुंची थी। पुलिसिया पूछताछ में हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से क्या बरामद हुआ या क्या जानकारी निकलकर सामने आई है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। आरोप यह है कि मनीष समद्दार जो कि एक निजी बैंक में एएलओ के पद पर कार्यरत था और उसके द्वारा वर्ष 2022 में फर्जी खाता खोलकर लाखों रुपए की ठगी की गई थी। जिसके खिलाफ सुपेला पुलिस द्वारा धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही थी, इसी बीच मोबाइल लोकेशन के आधार पर यहां पर सुपेला पुलिस पहुंचकर युवक को अपने हिरासत में लेकर जिला न्यायालय अंबिकापुर में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

### कई लोग हैं सक्रिय

बताया जा रहा है कि फर्जी तरीके से खाता खोलने व खाता को चंद रुपए में खरीदकर उसमें लाखों रुपए का लेन देन कर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी किए जाने के गिरोह में कई लोग सक्रिय हैं। ऐसी स्थिति में करोड़ों रुपए का गोलमाल करते हुए लोगों को चुना लगाया जा रहा है।

# मना करने के बावजूद भी रात में घर के बाहर घूम रही थी पत्नी, नाराज पति ने डंडे से सिर पर प्रहार कर उतारा मौत के घाट

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** रात में घर के बाहर घूमने से मना करने के बाद भी बाहर घूम रही पत्नी से नाराज पति ने डंडे से सिर में प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्यारे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की यह वारदात जिले के ग्राम पहाड़ करवा में 21 अप्रैल की रात में हुई है। बताया गया है कि 22 अप्रैल को ग्राम बाजरा, चौकी वाड्रफनगर के राजेश सिंह ने चौकी रेवटी में सूचना दिया कि आज सुबह मोबाईल के माध्यम से जानकारी मिला की ग्राम पहाड़ करवा में भतीजी यशोदा की मृत्यु हो गई है। सूचना पर यह वहां पहुंचा देखा तो यशोदा के सिर में चोट लगने से खून निकला हुआ है उसके पति रामचंद्र से पूछने पर घर के बाहर गिरने से सर में पीछे चोट लगने से मृत्यु होना तथा किसी व्यक्ति के द्वारा मारपीट करने से चोट लगने से मृत्यु होने का शंका जाहिर किया। सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया। चौकी रेवटी पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेह के



आधार पर मृतिका के पति रामचंद्र को पकड़ा। जिसने पूछताछ पर जुर्म स्वीकार कर बताया कि दिनांक 21 अप्रैल के रात्रि में 12 बजे घर से बाहर जाने के लिए मना करने के बावजूद उसकी पत्नी यशोदा बाहर घूम रही थी जिस कारण से गुस्से में आकर बांस के डंडा से सिर में मारकर हत्या कर दिया। सिर से खून निकलकर यशोदा के वस्त्र में लगने पर उसे निकालकर दूसरा वस्त्र पहना दिया और शव को घर के अंदर कमरे में ले जाकर लिटा दिया और लोगों के द्वारा पूछने पर यशोदा को गिरने से सिर में चोट लगने से मृत्यु होना बताया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा व वस्त्र जप्त कर पृथक से धारा 201 जोड़ी जाकर आरोपी रामचंद्र सिंह 28 वर्ष ग्राम पहाड़ करवा चौकी रेवटी थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी रेवटी सुमंत पांडेय, एएसआई ज्ञानचंद सिंह, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, आरक्षक निर्मल राजवाड़े, बलिन्दर खलखो व अनिल कुमार सक्रिय रहे।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शंकरगढ़ जिला– बलरामपुर
रामानुजगंज (छ.ग.)

आवेदक सुनील कुमार पिता तुलसी राम, निवासी ग्राम घुघरीकला, ग्राम पंचायत घुघरीकला, प०ह०न० 2 रा०नि०म० डीपाडीहकला, जिला– बलरामपुर–रा०गंज (छ०ग०) के द्वारा अपने माता सुखन की मृत्यु दिनांक 12/09/2008 को होने के कारण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत घुघरीकला से प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र कि छाया प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्तिध्आम जनता को दावा आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं कि जावेगी।

कार्यपालिका दण्डाधिकारी
शंकरगढ़
जिला बलरामपुर–रा.गंज (छ.ग.)

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शंकरगढ़ जिला– बलरामपुर
रामानुजगंज (छ.ग.)

आवेदक पिन्टू राम पैकरा पिता स्व० दुधनाथ, निवासी ग्राम चांगरों, ग्राम पंचायत चांगरो, प०ह०न० 18 रा०. नि०म० शंकरगढ़, जिला– बलरामपुर–रा०गंज (छ०ग०) के द्वारा अपने पिता दुधनाथ की मृत्यु दिनांक 10/03/2010 को होने के कारण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत चांगरो से प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र कि छाया प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं कि जावेगी।

कार्यपालिका दण्डाधिकारी
शंकरगढ़
जिला बलरामपुर–रा.गंज (छ.ग.)

# पत्नी की पिटाई से मौत के बाद खुद पति ने फांसी लगाकर दी जान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम पंचायत झुमरपारा निवासी 26 वर्षीय युवक ने शराब के नशे में घरेलू विवाद पर पत्नी को इतना मारा की उसकी तबीयत बिगड़ गई।

करंजी पुलिस ने मामले में आरोपी पति 26 वर्षीय जय साय उर्फ बॉबी पिता मुंशी हरिजन के खिलाफ धारा 294, 506, 323 का जुर्म दर्ज कर मारपीट में अधमरा हुई पत्नी को इलाज हेतु बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सक ने अंबिकापुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई।

पत्नी की मौत के बाद कार्यवाही के भय से उसके पति जय साय ने मंगलवार सुबह घर के समीप साल के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर करंजी पुलिस ने शव पंचनामा पीएम उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में निम्नांकित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली–भांति अवलोकन कर लेवें ।

डिपो का नाम – काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर)
नीलाम दिनांक – 29.04.2024
नीलामी प्रारंभ – प्रातः 10:00 बजे से

| प्रजाति | नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा | | | | | | मिश्रित जलाऊ चट्टा, |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया लाट | | पुराना लाट | | योग | | |
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+डेगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+डेगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+डेगरी नग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सागौन | 0.000 | 0 | 26.405 | 1328 | 26.405 | 1328 | पुराना |
| साल | 881.115 | 44 | 1348.498 | 48 | 2229.613 | 92 | 36 |
| बीजा, शीशम,खम्हार | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | नया |
| अन्य प्रजाति | 17.018 | 87 | 1.283 | 0 | 18.301 | 87 | 0 |
| योग | 898.133 | 131 | 1376.186 | 1376 | 2274.319 | 1507 | 36 |

नया चिरान काष्ठ :– 2 नग 0.207 घ.मी.
पुराना चिरान काष्ठ :– 0 नग 0.000 घ.मी.

*टीप :– उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है ।*

नीलाम शर्तें :– नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार, गम्हरिया एवं वनमण्डल कार्यालय जशपुर से प्राप्त की जा सकती है। क्रेताओं को आयकर पेन कार्ड एवं जी.एस.टी. पंजीयन 2024 की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। लॉट स्वीकृत होने पर काष्ठ का विक्रय मूल्य, 18 % GST एवं 2.50 % आयकर का भुगतान करना होगा । ई.एम.डी. 25 प्रतिशत की राशि का भुगतान किसी अधिसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक का रैखित बैंक ड्राफ्ट या मल्टी–सिटी चेक जो वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वन मण्डल, जशपुर के नाम से जशपुर में देय हो मान्य होगा ।

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल जशपुर

जी–242500021/3

## अनिवार्य सेवा के कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र व पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी–कर्मचारियों तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र बनाए गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01–सरगुजा अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान के लिए बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र व पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीव्हीसी) की स्थापना की गई है। इन सुविधा केन्द्रों में जिले के अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के अधिकारी व कर्मचारी मतदान करेंगे। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में पोस्टल वोटिंग सेंटर अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु विधानसभा 06–प्रतापपुर के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 03 तथा 07–रामानुजगंज एवं 08–सामरी के लिए कक्ष क्रमांक 01 को पोस्टल वोटिंग केंद्र बनाया गया है, जिसमें अनिवार्य सेवा के मतदाता 30 अप्रैल से 2 मई 2024 तक प्रात: 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार अधिकारी–कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र की भी स्थापना की गई है, जिसमें 06–प्रतापपुर के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार 07–रामानुजगंज एवं 08–सामरी के लिए कक्ष क्रमांक 02 को सुविधा केंद्र बनाया गया है, जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारी 4 से 6 मई 2024 तक प्रात: 09 बजे से शाम 05 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। आदेश में मतदान कराने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के लिए भी डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र 06–प्रतापपुर, 07–रामानुजगंज एवं 08–सामरी के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बलरामपुर को सुविधा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 01 एवं 02 मई 2024 को प्रात: 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान किया जाएगा।

# मतदान दलों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण हुआ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदनी साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण तीन स्थानों क्रमशः शासकीय कन्या उ0मा0 वि0 सूरजपुर, मुख्यमंत्री



डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल तिलसिवां सूरजपुर एवं शा0 बालक उ0मा0वि0 सूरजपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पैट का संचालन, मतदान सामग्री प्राप्त करना एवं चेक लिस्ट के अनुसार मिलान, मतदान के पूर्व की तैयारियां, मतदान दिवस में किये जाने वाले कार्य, मतदान समाप्ति के बाद मशीनों का मुहर बंद किये जाने का विस्तृत जानकारी दी गई। मतदान दलों को बताया गया कि सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका मिलान चेक लिस्ट के अनुसार किया जाना है। ऐसी सामग्री जिसमें नम्बर अंकित हैं जैसे ई.व्ही.एम एवं व्ही.व्ही. पैट, निविदत्त मतपत्र, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, सुभिन्नक सील, ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील, एड्रेस टेग का मिलान अच्छे प्रकार से करें। यह देखें कि यह आपके मतदान केन्द्र से संबंधित है। कंट्रोल यूनिट में दिनांक और समय सही है, बैटरी की स्थिति अच्छी है, केन्डीडेट संख्या सही है, इसकी जांच कर लें। सामग्री वितरण केन्द्र पर कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और व्ही.व्ही.पेट तीनों जोड़कर मतदान दलों द्वारा मॉकपोल सामग्री वितरण केन्द्र पर नहीं किया जाना है क्योंकि ये मशीने पूर्व से ही जांच कर तैयार की गई है। मतदान केन्द्र पर पहुँचने पर नियमानुसार मतदान केन्द्रों का स्थापना कर लें। नोटिस बोर्ड पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने, 100 एवं 200 मीटर की दूरी का चिन्हांकन कर आवश्यक सूचना लगा दें। मतदान दिवस के दिन वास्तविक मतदान के 90 मिनट पूर्व मौक पोल कराया जाना है। मॉक पोल में न्यूनतम 50 वोट डलवाने है तत्पश्चात् सी.आर.सी. कर मॉक पोल के डाटा को हटा देना है।


व्ही. व्ही. पैट के ड्रॉप बॉक्स से पेपर स्लीप को निकालकर काले रंग के लिफाफे में पिंक पेपर सील से सील बंद करना है। पीठासीन अधिकारी द्वारा मॉकपोल प्रमाण पत्र तैयार मतदान अभिकर्ताओं से हस्ताक्षर लिया जायेगा। इसके बाद मत की गोपनीयता बनाने हेतु मतदान मशीनों में गोपनीय सील ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, एड्रेस टेग लगाकर कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन को सील्ड किया जायेगा। मतदान नियत समय पर प्रारम्भ होने की घोषणा पीठासीन अधिकारी द्वारा किया जायेगा। मतदाता की पहचान वोटर कार्ड या आयोग द्वारा निर्धारित 12 दस्तावेज के आधार पर होगी। पहचान सत्यापित होने के बाद मतदान अधिकारी क्र0 2 मतदाता के बायें हाथ के तर्जनी पर अमिट स्याही लगायेगा। वह मतदाता रजिस्टर प्रारूप 17 क में आवश्यक प्रविष्टियां करने के बाद मतदाता पर्ची जारी करेगा। मतदान अधिकारी क्र0 3 कन्ट्रोल यूनिट का प्रभारी होगा। वह मतदाता से मतदाता पर्ची प्राप्त कर उसे संग्रहित कर बैलेट जारी करेगा। मतदाता वोटिंग कम्पार्टमेंट में जाकर बैलेट यूनिट के नीले रंग का बटन दबाकर वोट देगा। व्ही.व्ही.पैट के पारदर्शी खिडकी से पेपर स्लीप जनरेट होगी जिसमें अभ्यर्थी का नाम एवं निर्वाचन प्रतीक मुद्रित रहेगा। यह पर्ची 7 सेकंड तक दिखाई देगी और ऑटोकट व्यवस्था द्वारा कट कर ड्रॉप बाक्स में इकट्ठा हो जायेगी। इस प्रकार मतदान की प्रक्रिया चलती जायेगी। मतदान दलों को मतदान के दौरान विशेष परिस्थिति, निर्वाचकों द्वारा मत नहीं देने का निश्चय नियम 49 ओ., 49 एम., टेस्ट वोट 49 एम.ए., ए.एस.डी. मतदाता द्वारा मतदान, अभ्याक्षेपित मत निविदत मत, अंधे या शिथिलांग मतदाताओं द्वारा मतदान, डाक मतपत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के बारे में बताया गया।

मतदान समाप्ति उपरांत कन्ट्रोल यूनिट का क्लोज बटन को अनिवार्य रूप से दबाया जाना है। इसके बाद मतदान मशीन को नियमानुसार सील बंद करने की कार्यवाही के बारे में बताया गया। रिकार्ड किये गये मतों का लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, सांविधिक लिफाफा, असांविधिक लिफाफा अन्य को तैयार करने के संबंध में बताया गया।

सरगुजा फ्रंटलाइन

## जय हनुमान ज्ञान गुन सागर। जय कपीस तिहुं लोक उजागर।।

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में पूजा-अर्चना करके भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले के विभिन्न इलाकों के मंदिरों में मंगलवार को हनुमान जयंती पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ मनाई गई। मंदिरों में देर शाम तक भजन कीर्तन जारी रहा। अखंड हरिकीर्तन होने से वातावरण भक्तिमय बने रहा।

हनुमान जयंती पर शहर के स्कूल रोड, डीसी रोड, पुलिस लाइन, गोधनपुर, लमगांव सहित अन्य हनुमान मंदिरों में विशेष पूजार्चना की गई। जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। मंगलवार की सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु पूजार्चना करने पहुंचने लगे। स्कूल रोड स्थित मंदिर में महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा सामूहिक पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी पूजार्चना के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में सुबह से ही भजन-कीर्तन का दौर आरंभ हो गया था, जो देर शाम तक चलते रहा। इस दौरान भक्तों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। जिले भर के मंदिरों में देर शाम तक भक्त श्री हनुमान की पूजा के लिए पहुंचते रहे। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में पार्षद हरमिन्दर सिंह टिन्नी, किशोर सिंह बघेल, दूधनाथ गोस्वामी, रोचक गुप्ता, शानू कश्यप सहित अन्य सक्रिय रहे।

## श्री हनुमान के जन्म उत्सव पर लखनपुर में निकली भव्य शोभायात्रा



**लखनपुर।** श्री हनुमान के जन्म उत्सव पर लखनपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान भक्तों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा किया गया। लखनपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से श्री हनुमान के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन श्री राम सेवा समिति के द्वारा किया गया। लखनपुर कृष्ण मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ की गई। जोरदार आतिशबाजी के साथ ही ढोल-नगाड़े एवं डीजे की धुन में श्रद्धालु पूरे शोभायात्रा में शामिल हुए। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा अस्पताल चौक होते वार्ड क्रमांक 5, वार्ड क्रमांक 7, लखनपुर थाना मुख्य मार्ग होते गोदरी चौक हनुमान मंदिर में पहुंची। यहां आरती, भजन एवं प्रसाद वितरण कर शिव मंदिर प्रांगण में शोभायात्रा का समापन किया गया। पूरे आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# रोटी बैंक द्वारा हनुमान जयंती पर शीतल जल और फल वितरण



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** महिलाओं की समाज सेवी संस्था रोटी बैंक द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर राहगीरों को शीतल जल और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों और उनके स्वजनों को फल वितरित किया गया।

रोटी बैंक संयोजक सीमा सोनी की अगुवाई में महिलाओं ने हनुमान मंदिर के बाहर शीतल जल, गुड़ और चने का प्रसाद वितरण किया। अस्पताल के रोटी बैंक शेड में मरीजों और उनके स्वजनों को केला, अंगूर, गुड़, चना देकर ठंडा पानी पिलाया। उल्लेखनीय है कि रोटी बैंक की महिलाओं द्वारा नियमित रूप से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों उनके स्वजनों के अलावा जरूरतमंदों को रोटी-सब्जी का वितरण किया जाता है। रोटी बैंक से जुड़ी करीब सौ से ज्यादा महिलाएं अपने घरों से रोटी बनाकर लाती हैं जिसे वितरित किया जाता है। इस आयोजन पूजा शर्मा, सरोज सिंह, गीता प्रजापति, मोना रॉय, सरला राय, प्रतिभा सिंह, पूनम कुशवाहा, उषा शर्मा, सोनिका शर्मा, कंचन श्रीवास्तव, आशा विश्वकर्मा, शकीला परवीन, स्वाति श्रीवास्तव, अनामिका श्रीवास्तव सहित अन्य महिलाओं ने योगदान दिया।

# महिला मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु की अपील



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को जन शिक्षण संस्थान अंबिकापुर में महिला मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को फोकस किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, इसलिए, शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिवार में एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षा की ओर आगे बढ़कर शिक्षित होता है, उसी प्रकार परिवार में आपके द्वारा वोट करने से परिवार के अन्य मतदाता भी जागरूक होंगे। उन्होंने सभी से 07 मई मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए कहा कि अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं को रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला स्वीप आईकॉन संजय सुरीला, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम. सिद्धीकी, जिला परियोजना अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप गिरीश गुप्ता उपस्थित थे।

# पुल निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल, ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री से की शिकायत

## कहा-घटिया काम नहीं रोका गया, तो वे स्वयं काम करेंगे बाधित



**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** लोक निर्माण विभाग पिछले कई महीनों से मापदंड के विपरीत निर्माण कार्यो को लेकर सुर्खियों में है। हाल में पाइप पुलिया निर्माण का मामला सामने आया है। विभाग के द्वारा कराए जा रहे निर्माण में स्थानीय ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से की है। इसके अलावा जिला कलेक्टर सूरजपुर को जनदर्शन में भी घटिया स्तर के निर्माण कार्य से अवगत कराया गया है। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों को जांच, कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया है।

जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग द्वारा सूरजपुर जिला के सुदामानगर से बतरा खुशियापारा पहुंच मार्ग में पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, इसकी लंबाई 6.35 किमी लागत 741.82 लाख है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप क्षेत्र के ग्रामीण लगा रहे हैं। अमानक स्तर के गिट्टी एवं पाइप पुलिया, सिमेन्ट का उपयोग करने की बातें ग्रामीणों ने सामने लाई है। आरोप है कि पुल निर्माण में इस्टीमेट के अनुसार निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द ही निर्माण कार्य नहीं रोका गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और अपने स्तर पर निर्माण कार्य बाधित करेंगे। यह पुल कई ग्राम पंचायत में आवागमन का बेहद महत्वपूर्ण माध्यम है, वे निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। विभागीय अधिकारी महादेव लहरे कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सूरजपुर का कहना है कि मामला जिला कलेक्टर के संज्ञान में है। जांच पूरा होने के बाद ही वे कुछ कह पाएंगे।

# मवेशियों को हांकते बूचड़खाना ले जा रहे तीन गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी केदमा अंतर्गत पुलिस ने 21 मवेशियों को बूचड़खाना ले जाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस चौकी केदमा अंतर्गत ग्राम कुमडेवा निवासी भागवत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 22 अप्रैल को तीन संदिग्ध व्यक्ति कोसा बाड़ी सड़क से किनारे जंगल मार्ग में 21 मवेशियों को डंडे से मारते-पीटते हुए क्रूरतापूर्वक पैदल हांकते हुए झारखण्ड की ओर ले जा रहे हैं। पुलिस टीम संदिग्ध सूरजपुर जिला के ग्राम अक्षयपुर रामानुजनगर निवासी सीता राम 28 वर्ष, ग्राम परशुरामपुर पोड़ी रामानुजनगर श्रीनगर निवासी अमान खान 50 वर्ष व ग्राम मोहनपुर उदयपुर निवासी रामचरण 30 वर्ष को घेराबंदी करके पकड़ी और इनके कब्जे से 21 मवेशी जप्त किया गया। आरोपियों को पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(अ), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 03 डंडा जप्त किया गया है, जिससे ये पशुओं को मारपीट करते ले जा रहे थे। कार्रवाई में चौकी प्रभारी केदमा सहायक उप निरीक्षक एसएल राज, प्रधान आरक्षक घनश्याम यादव, आरक्षक कृष्ण कुमार सिंह, गजाधर राम, जोधन पैकरा शामिल रहे।

# पृथ्वी को संरक्षित नहीं करने पर मानव जीवन की संभावना समाप्त हो जाएगी

## पीजी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** रायपुर ग्रुप के निर्देशानुसार 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल संतोष रावत के मार्गदर्शन व राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्लाह के संरक्षण तथा महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के निर्देशन में विश्व पृथ्वी दिवस पर महाविद्यालय अंबिकापुर के एनसीसी कैडेट्स द्वारा रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, नारा लेखन जैसी गतिविधियां संचालित की गई। इन गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स ने समाज में यह संदेश देने का प्रयास किया कि पृथ्वी को यदि आज संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाला समय इतना भयावह हो जाएगा कि मानव जीवन की संभावना समाप्त हो जाएगी। यदि हम अपने आने वाले भविष्य का जीवन संतुलित और सुरक्षित रखना चाहते हैं तो हमें आज से ही पृथ्वी के संरक्षण का प्रयास करना होगा। कैडेट्स ने रंगोली के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्लाह ने बताया कि निरंतर वनों की कटाई, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, कारखानों की वजह से पर्यावरण में जहर घुलता जा रहा है, जो मानव जीवन को निरंतर हानि पहुंचा रहा है। यदि हमें इसका सामना करना है तो वृक्षारोपण, जल संरक्षण के माध्यम से ही हम इसे बचा सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक से अनियंत्रित होकर गिरे दो सवारों की मौत, दो का चल रहा उपचार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गए। घायलों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिले के विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रूनियाडीह का लक्ष्मण सिंह पिता तुलसी सिंह 23 वर्ष, 22 अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजे गांव के रामकुमार के साथ बाइक से सूरजपुर गया था। रास्ते में राम मंदिर के पास मोटरसाइकिल से दोनों अनियंत्रित होकर गिर गए। इन्हें सूरजपुर अस्पताल लाया गया, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सक ने लक्ष्मण सिंह को मृत घोषित कर दिया। रामकुमार का उपचार चल रहा है।

दूसरी घटना में बलरामपुर जिला के त्रिकुण्डा थाना अंतर्गत ग्राम सलवाही निवासी जग प्रताप सिंह पिता सुमेश्वर सिंह 24 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक 22 अप्रैल को गांव के ही रामसागर के साथ ग्राम छिपिया मोटरसाइकिल से गया था। घर वापस आते वक्त ग्राम फूलीडूमर जंगल मार्ग में दोनों बाइक के अनियंत्रित होने से गिर गए, जिसमें जग प्रताप सिंह को गंभीर चोटें आई थी। दोनों को संजीवनी 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाड्रफनगर लाया गया। यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, यहां इलाज के दौरान मंगलवार को अलसुबह 4 बजे जग प्रताप सिंह की मौत हो गई। रामसागर का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# सिगरेट नहीं देने पर दुकान संचालक से मारपीट, केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दुकान खोलकर सिगरेट नहीं देने किराना व जनरल स्टोर के संचालक की दो युवकों ने पिटाई कर दी। दुकान संचालक प्रशांत कुमार शर्मा पिता हरी राम शर्मा 42 वर्ष निवासी दर्रीपारा ने इसकी जानकारी थाना मणिपुर में दी है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। दुकान संचालक प्रशांत ने पुलिस को बताया है कि जिला अस्पताल चौक पर वह जनरल स्टोर का संचालन करता है। 21 अप्रैल की रात दुकान बंद करके निजी काम से चौक पास रूका था, इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे भाथूपारा निवासी विकास साहू अपने साथी के साथ आया और सिगरेट देने के लिए कहा। जब उसने दुकान बंद कर देने की बात कहते हुए सिगरेट देने से मना किया तो दोनो गाली-गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। दुकान संचालक ने फोन करके अपने परिचितों को घटना की जानकारी दी तो वे मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 34, 323 का मामला दर्ज किया है।

# बाइक सवार के पास मिला 8.460 लीटर अंग्रेजी शराब



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार से 08 लीटर 460 मिलीलीटर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त करते हुए, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गांधीनगर पुलिस टीम को 22 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से एक युवक के संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ग्राम डिगमा रोड में घेराबंदी कर मनीष कुमार नागेश 27 वर्ष निवासी महामायापारा अंबिकापुर को पकड़ी तो उसके पिट्ठू बैग में जम्मू स्पेशल व्हिस्की 180 एमएल का 47 शीशी मिला, इसकी कीमत 5640 रुपये बताई जा रही है। आरोपी को पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दी है। पुलिस ने शराब सहित मोटरसाइकिल जप्त कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, आरक्षक अतुल सिंह, बृजेश राय, अनिल सिंह, मनीष सिंह, रामजी खलखो शामिल रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर